

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना   वर्ष-14, अंक -04 जबलपुर, शुक्रवार 31 जनवरी 2025   कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8   संपादक अरुण श्रीवास्तव


## पन्ना जेके सीमेंट प्लांट में हादसा, निर्माणाधीन छत का स्लैब गिरा, 5 श्रमिकों की मौत, 30 घायल, एक लापता

पन्ना. (आरएनएस)। एमपी के पन्ना में स्थित जेके सीमेंट प्लांट में आज सुबह उस वक्त चीख पुकार मच गई. जब प्लांट में निर्माणाधीन हिस्से में छत की स्लैब भरभराकर गिर गई. जिसकी चपेट में आकर पांच मजदूरों की मौत हो गई, वहीं एक मजदूर लापता है. हादसे में करीब 30 मजदूरों के शरीर पर गंभीर चोटें आई है. खबर मिलते ही एम्बुलेंस पहुंची जिन्होने घायलों को कटनी के अस्पताल पहुंचाया गया है. खबर है कि प्लांट में आज छत की स्लैब डालने का काम किया जा रहा था. इस दौरान स्कैपफोल्डिंग भरभराकर गिया. जिसकी चपेट में कई मजदूर दब गए, हादसे में पांच मजदूरों की मौत हो गई, 30 मजदूरों के शरीर पर चोटें आई है. खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए, जिन्होने राहत व बचाव कार्य शुरु करा दिया. ऐसा कहा जा रहा है कि मलबे में कई मजदूर अभी भी दबे हुए है, जिन्हे



तलाश कर निकालने के प्रयास किए जा रहे है. घटना के बाद प्लांट में काम बंद कर दिया गया. इस घटना के बाद मजदूरों में दहशत व्याप्त रही. हालांकि हादसे मे तीन घंटे बाद भी प्रशासन और प्रबंधन की ओर से कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है. प्लांट का मेन गेट बंद कर दिया गया है. प्लांट के अंदर केवल प्रशासन और कर्मचारियों के साथ.साथ एसडीआरएफ की टीम है. पन्ना में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस बल व एसडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी है. अभी मरने वालों और घायलों की संख्या की पुष्टि नहीं हुई है.

**घायल मजदूरों को अस्पताल भेजा जा रहा है**

हादसे के बाद दूसरे मजदूरों ने घटना की सूचना तुरंत फैक्ट्री प्रबंधन को दी। जिसके बाद अंदर फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। बाहर निकाले गए मजदूरों को पन्ना जिला अस्पताल के साथ, दमोह, कटनी और जबलपुर के लिए रवाना किया गया है।जहां हादसा हुआ वहां 200 मजदूर थे

इधर सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग फैक्ट्री के बाहर जमा हो गए। जानकारी के मुताबिक जहां हादसा हुआ वहां 200 से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुटे हैं।


### महाकुंभ में जाने वालों के लिए एमपी-यूपी की बार्डर पर सामान्य हुए हालात, चित्रकूट में बढ़ी श्रद्धालुओं की संख्या

रीवा । मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ में प्रयागराज में स्नान के लिए एमपी से यूपी जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रीवा के चाकघाट पर जमा हो गई थी।

यहां से कुछ-कुछ समय के बाद श्रद्धालुओं के वाहनों को आगे बढ़ाया जा रहा था। 24 घंटे बाद अब हालात सामान्य हो गए हैं। अलसुबह 4बजे तक सभी वाहनों को प्रयागराज के लिए रवाना कर दिया गया है। अब आने वाले दूसरे वाहन लोग सीधे प्रयागराज जा पा रहे हैं। दूसरी तरफ प्रयागराज से लौटकर भारी संख्या में श्रद्धालु चित्रकूट पहुंच रहे हैं। सुबह से ही मंदाकिनी घाट में अमावस्या की तरह श्रद्धा का सैलाब नजर आ रहा है।

## प्रयागराज महाकुंभ में फिर मची भगदड़, अफरातफरी, 15 टेंट में लगी भीषण आग

प्रयागराज .(आरएनएस)। यूपी के प्रयागराज में महाकुंभ मेले में आज के वक्त फिर अफरातफरी व भगदड़ मच गई, जब 15 टेंट में आग लग गई. खबर मिलते ही फायर बिग्रेड की गाडियां तो पहुंच गई लेकिन घटनास्थल तक पहुंचने में दिक्कत का सामना करना पड़ा है. क्योंकि वहां पहुंचने के लिए कोई रास्ता नहीं था लेकिन वे समय रहते आग बुझाने में सफल रहे. किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है. खबर है कि जिस स्थान पर लगे टेंट में आग लगी है वहां पर लोगों की भीड़ कम थी, जिसके चलते समय रहते आग पर काबू पा लिया गया. यह घटना संगम क्षेत्र में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मौत के एक दिन बाद हुई है. गौरतलब है कि



महाकुंभ में मौनी अमावस्या के अवसर पर पवित्र स्नान करने के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच हुई धक्का-मुक्की में कुल 30 लोगों की मौत हो गई व 60 से अधिक लोग घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले 19 जनवरी को सेक्टर 19 कैंपसाइट इलाके में करीब तीन गैस सिलेंडरों में विस्फोट के बाद महाकुंभ में भीषण आग लग गई थी. अग्निशमन विभाग ने तुरंत कार्रवाई की और आग पर काबू पा लिया. आग के कारण किसी के हताहत होने की खबर नहीं है.

## मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की कार को ट्रक ने पीछे से मारी तेज टक्कर



सीहोर (आरएनएस)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की कार को लसूडिया परिहार व फंदा टोल के बीच इंदौर-भोपाल हाईवे पर पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि इस घटना में किसी को चोट नहीं आई है। खजूरी थाना में घटना की शिकायत कर क्षतिग्रस्त कार को थाने में खड़ा कराया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह 11 बजे के करीब इंदौर से भोपाल जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और कार में सवार स्टाफ जब लसूड़िया परिहार और फंदा टोल के बीच पहुंचे थे। इसी दौरान एक ट्रक ने पीछे से कार को टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि इस घटना में किसी को चोट नहीं आई। घटना के बाद दूसरी गाड़ी से जीतू पटवारी और उनका स्टाफ भोपाल के लिए रवाना हो गया, वहीं कार को खजूरी थाने में खड़ा कराकर शिकायत दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि इंदौर-भोपाल हाईवे पर पेचवर्क के चलते एक तरफ से मार्ग बंद है। इसलिए भोपाल से इंदौर की तरफ आने जाने वाले वाहन दूसरी तरफ चल रहे हैं। इसलिए यह हादसा हुआ।

### मुंबई के प्रसिद्ध मुंबा देवी मंदिर में भी लागू होगा ड्रेस कोड

मुंबई- मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू किए जाने की घोषणा के बाद अब मुंबा देवी मंदिर भी इसी दिशा में कदम बढ़ाने की तैयारी कर रहा है. यह मंदिर स्थानीय भक्तों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों के बीच भी काफी लोकप्रिय है, लेकिन अभी तक यहां कोई औपचारिक ड्रेस कोड लागू नहीं था. मंदिर प्रबंधन के प्रबंधक हेमंत जाधव के अनुसार, सिद्धिविनायक मंदिर के फैसले को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट जल्द ही एक बैठक करेगा, जिसमें श्रद्धालुओं और विदेशी पर्यटकों के लिए उचित ड्रेस कोड निर्धारित किया जाएगा.

## यूएस प्लेन-हेलीकॉप्टर क्रैश में सभी 67 लोगों की मौत

अमेरिका (आरएनएस) ।अमेरिका के मध्य अटलांटिक क्षेत्र की एक प्रमुख नदी है। ये पश्चिम वर्जीनिया में पोटोमैक हाइलैंड्स से मैरीलैंड में चेसापीक खाड़ी तक पहती है। पोटोमैक नदी 405 मील लंबी है। ये यूएस की 21वीं सबसे बड़ी नदी है। इसके वाटरशेड में 50 लाख से अधिक लोग रहते हैं। इस नदी में बच पाना न के बराबर है। नदी का पातमान इतना कम है कि कोई तैर कर पानी से बाहर नहीं आ सकता। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार नदी के पानी का तापमान लगभग 35 से 36 डिग्री फारेनहाइट यानी कि -1.11111 सेल्सियस के आसपास है। अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में घटी घटना ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। कैसे चंद पल में एक हेलीकॉप्टर धीमी और मध्यम सी रोशनी के साथ आता है और सीधे एक एयरक्रॉफ्ट में टक्कर मार देता है। इस एयरक्रॉफ्ट में एक नहीं दो नहीं पांच नहीं दस नहीं बल्कि 64 यात्री सवार होते हैं। कुछ ही पलों में अमेरिकी सेना का ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर और एयरक्रॉप्ट सीधे नदी में जा गिरते हैं। उस नदी में जिसमें लोगों के बचने की संभावना नाम मात्र की होती है। अब खबर आ रही है कि वॉशिंगटन के पास सेना के हेलिकॉप्टर से टकराए विमान में सवार सभी 64 लोग मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि पुनर्प्राप्ति टीमों ने बर्फीले पानी से दो दर्जन से अधिक शव निकाले हैं। पीएसए एयरलाइंस द्वारा संचालित अमेरिकन एयरलाइंस का विमान 60 यात्रियों और चार चालक दल के सदस्यों के साथ विचिटा से राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भर रहा था, और हेलीकॉप्टर तीन सेवा सदस्यों के साथ एक प्रशिक्षण उड़ान पर था। अमेरिका के मध्य अटलांटिक क्षेत्र की एक प्रमुख नदी है। ये पश्चिम वर्जीनिया में पोटोमैक हाइलैंड्स से मैरीलैंड में चेसापीक खाड़ी तक पहती है। पोटोमैक नदी 405 मील लंबी है। ये यूएस की 21वीं सबसे बड़ी नदी है। इसके वाटरशेड में 50 लाख से अधिक लोग रहते हैं। इस नदी में बच पाना न के बराबर है। नदी का पातमान इतना कम है कि कोई तैर कर पानी से बाहर नहीं आ सकता। वाशिंगटन पोस्ट के अनुसार नदी के पानी का तापमान लगभग 35 से 36 डिग्री फारेनहाइट यानी कि -1.11111 सेल्सियस के आसपास है। विमान के रेडियो ट्रांसपोंडर से मिले डेटा के अनुसार, अमेरिकन एयरलाइंस की उड़ान संख्या 5342 लगभग 400 फुट की ऊंचाई से करीब 140 मील प्रति घंटे की गति से हवाई अड्डे की ओर आ रही थी, तभी पोटोमैक नदी के ऊपर इसकी ऊंचाई तेजी से कम हो गई। कनाडा में 2004 में निर्मित निर्मित बॉम्बार्डियर सीआरजे-701 ट्विन-इंजन जेट, 70 यात्रियों को ले जाने में सक्षम है। विमान के उतरने से कुछ मिनट पहले हवाई यातायात नियंत्रकों ने उससे पूछा कि क्या वह रीगन हवाई अड्डे के अपेक्षाकृत छोटे रनवे 33 पर उतर सकता है जिसके बाद विमान चालकों ने कहा कि वे ऐसा कर सकते हैं।

### तमिलनाडु को सौंपी जाएगी जयललिता की संपत्ति, भ्रष्टाचार के मामले में हुई थी जांच

बेंगलुरु। कर्नाटक हाई कोर्ट ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की संपत्ति से जुड़े दस्तावेज़ तमिलनाडु एंटी-करप्शन डिपार्टमेंट को सौंपने का आदेश दिया है। इस संपत्ति में 27 किलो सोना, चांदी, हीरे के आभूषण और 1,562 एकड़ ज़मीन शामिल है। यह फैसला 24 साल बाद जयललिता की संपत्ति को बेंगलुरु से तमिलनाडु वापस लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। जयललिता पर मुख्यमंत्री रहते हुए आय से अधिक संपत्ति जमा करने का आरोप था। इस मामले में उनकी करीबी सहयोगी वी.के. सासिकला, सुधाकरन और इलावरसी भी आरोपी थीं। बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने उन्हें 4 साल की जेल की सजा सुनाई थी, लेकिन कर्नाटक हाई कोर्ट ने इस फैसले को रद्द कर दिया था। बाद में, सुप्रीम कोर्ट ने सजा को बरकरार रखा, लेकिन फैसले से पहले ही जयललिता का निधन हो

### जबलपुर डीएसपी की टीम ने छापा मारा, जांच के बाद जानकारी सामने आएगी

## सिवनी सीएमओ के छिंदवाड़ा स्थित घर पर ईओडब्लू की रेड

छिंदवाडा (आरएनएस)। सिवनी सीएमओ दिशा डेहरिया के नागपुर रोड स्थित आवास पर आज सुबह करीब 5 बजे ईओडब्लू ने रेड मारी है। रेड में जबलपुर डीएसपी की टीम शामिल है। टीम उनके घर आय से अधिक संपत्ति से संबंधित दस्तावेज खंगाल रही है। बता दें कि वर्तमान में वे सिवनी नगर पालिका में सीएमओ के पद पर



है। इसके अतिरिक्त उनके पास बालाघाट नगरपालिका का भी प्रभार है। उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ती की शिकायतें ईओडब्ल्यू को मिली है। ईओडब्ल्यू ने शिकायत के आधार परराज जानकारी जुटाई। इसके बाद आज सुबह 5 बजे टीम ने उनके आवास पर रेड मारी है। इस मामले में ईओडब्ल्यू डीएसपी धामी सिंह ने बताया कि अभी जांच जारी है। दोपहर तक पूरी जानकारी निकलकर सामने आएगी। सिवनी में पदस्थ सीएमओ पूर्व में चांद और हर्रई नगर परिषद में सीएमओ के पद पर रह चुकी है। वह भ्र्ष्टाचार को लेकर काफी सुर्खियों में रही है। अधिकारियों की सांठगांठ से बाबू का पद रहते हुए सीएमओ का पद हासिल किया था। इस पद को हासिल करने उन्होंने जमकर भ्र्ष्टाचार करने के मामले सामने आए। इसको लेकर भी दर्जनों

## महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिये करें समुचित प्रबन्ध- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### जापान के कोबे से मुख्य सचिव को दूरभाष पर दिये निर्देश

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रयागराज में हुई भगदड़ को ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन और रीवा संभाग के आयुक्त श्री बीएस जामोद से दूरभाष पर बातचीत की। उन्होंने मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा से महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित और



प्रभावी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कुंभ में एक दुखद घटना हुई,

## बजट सत्र में आएगा वक़्फ़ बिल! जेपीसी ने लोकसभा अध्यक्ष को सौंप दी अपनी रिपोर्ट

बजट सत्र में पेश होने वाले विधेयकों की सूची सामने आ गई है। वक्फ संशोधन बिल उस सूची में सातवें नंबर पर है। यानी तय हो गया है कि वक्फ संशोधन बिल को सरकार इसी बजट सत्र में पेश करेगी। इससे पहले आज ही वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के सदस्यों और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के बीच बैठक समाप्त हो गई है और विधेयक पर अंतिम रिपोर्ट लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंप दी गई है। ज्ञापन देने के दौरान जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल और समिति के




सदस्य निशिकांत दुबे, तेजस्वी सूर्या, संजय जयसवाल और अन्य उपस्थित थे। रिपोर्ट पेश करने के दौरान कोई भी विपक्षी सदस्य मौजूद नहीं था।

रिपोर्ट सौंपने के बाद, जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने विधेयक के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए समिति के सदस्यों की सराहना की। पाल ने कहा कि पिछले 5 महीनों में समिति ने कई बैठकें कीं और देश भर में सैकड़ों प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की, उन्होंने कहा कि विस्तृत विचार-विमर्श और कई जिरहों के बाद एक रिपोर्ट बनाई गई है।

एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा, पिछले पांच महीनों में, हमने 38 बैठकें कीं 250 प्रतिनिधिमंडलों और सदस्यों से मुलाकात की, पूर्व न्यायाधीशों, कुलपतियों से मुलाकात की। हमने कई लगातार यात्राएं कीं और कई राज्यों का दौरा किया। जेपीसी के सभी सदस्यों ने विधेयक के निर्माण में अपना योगदान दिया है। मुझे विश्वास है कि गरीबों को लाभ पहुंचाने और उनके कल्याण की मंशा से जो विधेयक लाया गया है।

## किसी भी प्रयास को नहीं करेंगे बर्दाश्त, मराठी भाषा के मुद्दे प क्यों भड़क गए मंत्री उदय सावंत

महाराष्ट्र (आरएनएस)। महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री उदय सामंत ने उन लोगों से निपटने के लिए एक सख्त नीति बनाने पर जोर दिया, जिन्होंने कहा कि राज्य के निवासियों को उनकी मातृभाषा मराठी में बोलने से रोका जाए। मराठी भाषा मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र के निवासियों को उनकी मूल भाषा में संवाद करने से रोकने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ठाणे जिले के डोंबिवली इलाके में एक घटना पर प्रतिक्रिया देते



हुए, जहां एक हाउसिंग सोसायटी के कुछ गैर-मराठी निवासियों ने मराठी समुदाय के एक सामाजिक-धार्मिक समारोह (हल्दी कुमकुम) का कथित तौर पर विरोध किया था। सामंत ने कहा कि एक योजना तैयार करने की जरूरत है। ऐसे प्रकरणों को रोकने की नीति। मराठी हमारी मातृभाषा है और हमें इसे बोलने से रोकने के किसी भी प्रयास पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इस तरह की धमकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कोहली के लिए दिखा क्रेज, अरुण जेटली स्टेडियम में भगदड़ से कई फैंस घायल



इंदौर (आरएनएस)। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की घरेलू क्रिकेट में वापसी ने केवल क्रिकेट प्रेमियों का दिल छू लिया। यह एक ऐतिहासिक पल बन गया। गुरुवार की सुबह दिल्ली में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मैच में कोहली की उपस्थिति ने एक अंतरराष्ट्रीय मैच जैसा माहौल बना दिया। कोहली का स्टारडम इतना जबरदस्त था कि हजारों फैंस स्टेडियम में उनकी एक झलक पाने के लिए सुबह से ही कतारों में लग गए। इस दौरान भारी भीड़ की वजह से आयोजनकर्ताओं को परेशानी भी हुई।

दिल्ली और रेलवे के बीच खेले जा रहे इस रणजी ट्रॉफी मैच में शुरू में टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन कोहली के मैदान पर आने की खबर से मैच को एक अंतरराष्ट्रीय इवेंट में बदल गया। लगभग 10 हजार से अधिक फैंस इस मैच को देखने के लिए स्टेडियम पहुंचे। डीडीसीए ने भी 10 हजार लोगों के पहुंचे का अनुमान लगाया था। कोहली की उपस्थिति ने मैच को एक उत्सव बना दिया।

### मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज से भारतीय रेलवे ने 364 ट्रेनों का संचालन किया- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय रेलवे ने मौनी अमावस्या के दिन संगम में पवित्र स्नान कर घर लौट रहे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से 364 आउटवर्ड ट्रेनों का संचालन किया। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान एक दिन में चलाई गई ट्रेनों का यह नया रिकॉर्ड है। इसके साथ ही इस दौरान रेलवे द्वारा 77 इनवर्ड ट्रेनों का भी संचालन किया गया। आउटवर्ड ट्रेनों में 142 नियमित और 222 महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं।

नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन 364 ट्रेनें प्रयागराज से चलाई गईं। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम रेल भवन स्थित वॉर रूम से पूरी स्थिति पर रियल टाइम नजर रख रही है। राज्य सरकार के साथ लगातार समन्वय में ट्रेनें चलाई जा रही हैं। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ और तीनों रेलवे जोन के जीएम मेला प्रशासन और राज्य सरकार के संपर्क में हैं ताकि श्रद्धालुओं को उनके घरों तक सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके।

## अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर स्वाती मालीवाल ने फेंका कचरा, बोली सुधर जाओ वरना जनता सुधार देगी

नई दिल्ली. (आरएनएस)। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने सफाई के मुद्दे पर पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर क चरा फेंक दिया. इस दौरान पुलिस ने स्वाती मालीवाल को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. खबर है कि सांसद स्वाती मालीवाल ने विकासपुरी में लोगों के साथ सड़क का कचरा उठाया और ऑटो में भरकर केजरीवाल के घर गईं. यहां उन्होंने सारा कचरा फेंक दिया. इस दौरान दिल्ली पुलिस उन्हें बार-बार चेतावनी देती रही कि आप सड़क पर कचरा नहीं फेंके, वरना कार्रवाई की जाएगी. हालांकि मालीवाल नहीं मानीं, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया. मालीवाल ने कहा कि पूरा शहर कूड़ेदान में बदल गया है. मैं केजरीवाल से बात करने आई हूं. मैं उनसे कहूंगी



सुधर जाओ, नहीं तो जनता सुधार देगी. मैं न तो उनके गुंडों से डरती हूं और न ही उनकी पुलिस से. मालीवाल ने सुबह प्रदर्शन से पहले कहा था कि 3 ट्रक भरकर कचरा लेकर केजरीवाल के घर पहुंचने वाली हूं. केजरीवाल जी डरना मत... जनता के सामने आना और देखना क्या हाल बनाया है




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना अधारताल में श्रीमती सावित्री सिरकिया उम्र 50 वर्ष निवासी परशुराम कालोनी सुहागी ने लिखित शिकायत की उसके पति नारायण सिंह ने वर्ष 2016-17 में उमाशंकर सोनकर से 1 लाख 45 हजार रूपये उधार लिये थे एवं अन्य लोगों से ब्याज पर कर्ज लिया था जिनका ब्याज वो अभी तक देते आ रहे हैं पति कर्ज से परेशान थे उमाशंकर सोनकर ने उन्हें लोन दिलाने का कहा और धोखे से हमारे मकान की रजिस्ट्री अपने पहचान वाले आकाश चौरसिया के नाम करने की कोशिश कर रहा है हमारे द्वारा लोन के लिये मना करने पर तुरंत 10 लाख रूपये की मांग कर परेशान कर रहा है।

# वर्तमान में सर्वाधिक प्रासंगिक है गांधीवाद,छात्राओं ने रैली के माध्यम से दिया अहिंसा का संदेश








## राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके पर महाकोशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, हितकारिणी सभा और जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम हितकारिणी महिला महाविद्यालय प्रांगण से हितकारिणी सभा के संयुक्त सचिव मुकुल खंपरिया, विद्या परिषद के सचिव जयेश राठौर ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की। रैली में विभिन्न विद्यालयों की सैकड़ों छात्राएं हाथ में अहिंसा परमो धर्मः, भारत माता की जय जैसे नारे लिखे तख्ती लिए मालवीय चैक होते हुए शहीद स्मारक गोल बाजार पहुंचे। रैली में गांधी के तीन बंदर बने नन्हें बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। शहीद स्मारक मुख्य द्वार में गांधी जी की फोटो पर माल्यार्पण किया गया साथ ही गांधी जी की जीवनी संबंधी प्रदर्शनी और स्वरोजगार मेले का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम के विषिष्ट अतिथि प्रो योगेशचंद उपरीत, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन, हितकारिणी सभा के सदस्य जयसिंह राव गायकवाड़ विधिवेत्ता एड रमेश श्रीवास्तव रहे। मुख्य वक्ता समाजसेवी, पूर्व विधायक और हितकारिणी सभा के अध्यक्ष नित्यनिरंजन खंपरिया रहे, अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन तिवारी ने की।

डॉ नीलेश जैन ने कहा कि वर्तमान में गांधी जी के बारे में सोशल मीडिया को आधार बनाकर उनके संदेश को दुष्प्रचारित किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि अगर राष्ट्रपिता के लिए नकारात्मक बातें की जाएंगी तो इसे बड़ा दुर्भाग्य कुछ हो ही नहीं सकता।

मुख्य वक्ता पूर्व विधायक और समाजसेवक नित्यनिरंजन खंपरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि गांधी जी का व्यक्तित्व अपने आप में अद्भुत है। उनके विचारों के सामने पूरी दुनिया नतमस्तक है। उन्होनें कहा कि आज जब पूरी दुनिया बारूद के ढेर पर खड़ी है उनके सत्य अहिंसा की विचारधारा को पूरी दुनिया अपना रहा है। दुनिया के 100 से भी अधिक देषों में गांधी जी प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। युवाओं को राष्ट्रपिता बापू की विचाराधाराओं को अपनाने की जरूरत है।

कार्यक्रम के अगले चरण में सेठ गोविंददास रंगमंच पर वरिष्ठ समाजसेवी गीता शरत तिवारी, सिहोरा के समाजसेवी पंडित केशव मिश्रा, शिक्षाविद डॉ केके हूंका, बहोरीबंद के समाजसेवी डॉ केएल जैन और पर्यावरणविद् नितिन अग्रवाल को शॉल, श्रीफल और सम्मानपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विवेक पटेल, विवेक अवस्थी, अजय अग्रवाल, मदन लारिया, टीकाराम कोष्टा सहित भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष मुकुल खंपरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन प्राचार्य डॉ नीलेश पांडे ने किया। सहयोग दिनेश सिंह ठाकुर सहित विभिन्न सटाफ और स्टुडेंट्स का रहा।

**गांधी को मार सकते हैं ,लेकिन उनके विचारों को नहीं**

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को कांग्रेस कमेटी ने दी श्रद्धांजलि

**प्रतिमा स्थल में किया संगोष्ठी का आयोजन**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 77वीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की, तत्पश्चात एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया ने कहा आज पूरा विश्व गांधी जी को विचारों को मानता है, गांधी जी की प्रतिमा हिंदुस्तान में ही नहीं बल्कि विश्व के सैकड़ो देश में आदरपूर्वक स्थापित की गई है, उनके त्याग बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनको फादर ऑफ द नेशन ऐसे ही नहीं कहा जाता, अन्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा की गांधी के शरीर को तो मार दिया ,लेकिन उनकी विचारधारा को कभी कोई नहीं मार सकता, आज गांधी जी के विचारों को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है , आज एक वर्ग के द्वारा उनके हत्यारे को पूजा जा रहा है। पाठ्यक्रम से गांधी जी को अलग करने की साजिश रची जा रही है, जो हम कभी नहीं होने देंगे गांधी जी इस देश की आत्मा है।

आज के इस संगोष्ठी में मुख्य रूप से शशि भूषण पांडे, मोना कौरव,कौशल्या गोटिया, नन्हेंलाल धुर्वे, अमरीश मिश्रा, झल्ले लाल जैन, गुड्डू नवी, राजेश यादव ,विजय रजक, अभिषेक चंदेल ,रिंकू यादव ,राजेंद्र पिल्ले, रिजवान अली, अभिषेक यादव, रविंद्र गौतम, प्रशांत अवस्थी, रामदास यादव ,देवकी पटेल, टीकाराम कोष्टा, रज्जू सराफ, चमन पासी ,भगत राम सिंह, रितेश बंटी गुप्ता, प्रवेंद्र सिंह चौहान ,रितेश नोटनानी ,मीनाक्षी स्वामी, गौरैया यादव, राधा गुप्ता, रवि सैलानी, अक्षय विनोदिया ,सक्षम गोस्वामी, रंबल विश्वकर्मा, विष्णु विनोदिया, उमेश पटेल, भाग्यश्री गोस्वामी, सुरेंद्र यादव, चमन पासी, मोहम्मद जब्बार,संदीप जैन आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# अधारताल शासकीय स्कूल पढ़ने वाले छात्र को चाकू मारने के विरोध में अधारताल पुलिस थाना में कांग्रेस का प्रदर्शन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अधारताल शासकीय स्कूल पढ़ने वाले छात्र को चाकू मारने के विरोध में अधारताल पुलिस थाना में कांग्रेस का प्रदर्शन निर्भय नगर अधारताल में निवास करने वाले छात्र संजय साकेत जो की शासकीय स्कूल अधारताल में पड़ता है उसे स्कूल छुटने के बाद स्कूल के गेट के पास कुछ सामाजिक तत्वों ने दनादन चाकू मार कर घायल कर दिया जिससे वह खून से लटपट हो गया क्षेत्रीय नागरिकों ने उसे दौड़कर और सामाजिक तत्वों से बचाया इस घटना की जानकारी जैसे ही क्षेत्रीय नागरिकों को लगी तत्काल क्षेत्रीय नागरिकों ने अधारताल पुलिस थाने में पहुंचकर दोपहर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चमन पासी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर दिया यह प्रदर्शन लगभग आधे घंटे तक चला उसके पश्चात अधारताल टी राजकुमार खटीक से वार्तालाप करके दूसरी अपराधियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई एवं गिरफ्तार करने की मांग की गई इस अवसर पर चमन पासी लक्ष्मी शुक्ला राकेश श्रीवास्तव राजू चक्रवर्ती प्रदीप तिवारी मोना चौहान बसंत नामदेव मजले सेन नर्मदा संतोष लोधी संजय पांडे सुबोध पहाड़िया सहित बड़ी संख्या में पुरुष व महिला कांग्रेस जन शामिल थे कांग्रेस जनों ने कहा है कि कुछ समय से अधारताल पुलिस थाने के अंतर्गत अपराधों की बाढ़ आ गई है ऐसा लगता है कि अधारताल पुलिस की अपराधियों से मिली भगत चल रही है जिसके कारण अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और अपराध घटना की जगह बढ़ता ही जा रहा है

# बजट 2025 से अपेक्षाएं जबलपुर चेम्बर, उद्योग और व्यापार को प्रोत्साहित करने वाला हो बजट

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में आगामी बजट (1 फरवरी 2025) पर विभिन्न संघटनों ने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले बजट पर अपनी अपेक्षाएं व्यक्त की। भारत की वित्त मंत्री श्रीमति निर्मला सीतारमण लगातार आठवी बार बजट पेश करने की तैयारी कर रही है। वहीं आम आदमी बढ़ती महगाई, बेरोजगारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। राष्ट्रीय साख्यिकी कार्यालय का अनुमान है 2024-2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहेगा। महामारी के दौरान आई गिरावट के बाद से सबसे कम ग्रोथ रेट है भारत का विकास चक्र अवरूद्ध हो गया है।



जबलपुर चेम्बर के अध्यक्ष प्रेम दुबे का कहना है कि मध्यमवर्ग को ध्यान रख कर बजट पेश करना चाहिए। आम आदमी के लिये सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो आयकर में 10 लाख रुपये तक की छूट दे कर राहत दे। व्यापारी और उद्योग जगत बजट में जीएसटी में कमी कर उद्योग को मजबूती देने वाले प्रावधानों की मांग की है। छोटे उद्योगों के लिये (पीएलआई) स्कीम शुरु करें ताकि मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिले। मेक इन इंडिया तभी सफल होगा जब सरकार इनके लिये विशेष योजनाएं लाए। घरेलु मैन्युफैक्चरिंग की मदद के लिये कस्टम डयूटी में फेरबदल, प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव के माध्यम से छोटे उद्योग को जोडे। यह बजट उद्योग-व्यापार और भारत की अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने वाला होना चाहिए। कर विशेषज्ञ अनिल अग्रवाल ने कहा कि छोटे उद्योग और व्यापार भारत में पूरी तरह से बंद होने कि कगार में है वित्तमंत्री को चाहिए कि छोटे उद्योगों को सस्ती और सुलभ ऋण सुविधा मिल सके इसका प्रावधान होना चाहिए एवं टैक्सों में राहत दे कर इन्हें बचाने का प्रयास करें। आयकर एवं जीएसटी सरलीकरण क्षेत्र में कार्य होना चाहिए और व्यापारियों पर अनुपालन का बोझ कम होना चाहिए। चेम्बर उपाध्यक्ष नरिन्दर सिंह पांधे ने पर्यटन पे बात करते हुए कहा कि जबलपुर एवं महाकौशल को पर्यटन के क्षेत्र में विश्व स्तर पर देखना चाहते है। महाकौशल एवं जबलपुर में पर्यटन की अपार संभावनाए हैं उन्होंने आगे बोलते हुए कहा कि आज सरकार के पास पैसों की कमी नहीं है सरकार को भेडाघाट, धुआंधार, खजुराहो, पन्ना टाइगर रिजर्व, कान्हा नेशनल पार्क, बाधवगढ़ पैच बरगी डेम, अमरकंटक इस पूरे सर्कल को टूरिस्ट हब बनाना चाहिए ताकि पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। और आगे उन्होंने कहा कि डीजल पेट्रोल को जीएसटी के अंतर्गत लाने का वादा पूरा करना चाहिए। साथ ही साथ टोल टेक्स एवं स्क्रैप नीति में भी परिवर्तन करना चाहिए। चेम्बर द्वारा आयोजित इस पत्रकार वार्ता में चेम्बर अध्यक्ष प्रेम दुबे, राधेश्याम अग्रवाल, दीपक जैन, नरिन्दर सिंह पांधे, अनिल अग्रवाल (सीए), जितेन्द्र पचौरी राकेश श्रीवास्तव, प्रेम परसवानी, दीपक सेठी, श्रेय अग्रवाल, प्रीति चौधरी, शशिकांत पांडेय, उमेश गावकर आदि उपस्थित थे।

# पावर मैनेजमेंट कंपनी के दो कार्मिक आज होंगे सेवानिवृत्त





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के दो कार्मिक आज 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

किशन लाल शुक्ला- एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा कार्यालय में कार्यरत कार्यालय सहायक श्रेणी तीन किशन लाल शुक्ला 33 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

जोतराम यादव- एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के स्टेट प्लानिंग सेल में कार्यरत जोतराम यादव 35 वर्षों की सेवा के उपरांत आज 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रांझी खमरिया द्वारा महात्मा गांधी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रांझी खमरिया के अध्यक्ष रविंद कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आज गांधी चौक मानेगांव स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहां की आज हम महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मना रहे हैं, जिन्हें हम प्यार से बापू कहते हैं। गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई। उनका जीवन सादगी, त्याग और निष्ठा का प्रतीक था। उन्होंने स्वदेशी, स्वराज और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई उन्होंने छुआछूत, जातिवाद और महिलाओं के प्रति भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। बापू कहते थे कि किसी भी समाज का विकास तभी संभव है, जब उसमें हर किसी को समान अधिकार मिले उनके विचारों को याद करते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा ,संगठन मंत्री आशुतोष वत्स आशु, नेम सिंह आलोक भट्ट, नर्बद गोटिया, राजू कनौजिया , संजू ठाकुर,संत कुमार कुशवाहा, गोविंद दास अहिरवार, जमुना प्रसाद, कमलेश चौधरी, राहुल चौधरी, रतन यादव,देवेंद्र कुशवाहा, राजू स्वामी, मोनिका सिंह, अनुपम विश्वकर्मा ,नीतू कुशवाहा,रोहित गुप्ता,दीपक कुशवाहा, रोहित कुशवाहा ,एम.एल.यादव,अनुराग कुशवाहा,लक्ष्य चौहान,कौशिक उपाध्याय,नवीन कुशवाहा,प्रदीप कुशवाहा,लकी चौहान, उपस्थित रहे

# जनसुनवाई में महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास

**मा.अ. आयोग ने संज्ञान लेकर कलेक्टर, एसपी से तलब किया प्रतिवेदन**

जबलपुर। जिले के कलेक्टर कार्यालय में गत दिनों जनसुनवाई के दौरान एक महिला द्वारा अपने ऊपर ज्वलनशील प्रदार्थ पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने का प्रयास किया, जिसे तत्काल बचा लिया गया। महिला का कहना था कि उसके मकान पर कब्जा किये जाने की शिकायत पर कार्यवाही नहीं होने से वह सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही है, जिससे परेशान होकर उसने जनसुनवाई के दौरान यह कदम उठाया। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्यपीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुए, सदस्य राजीव कुमार टण्डन की एकलपीठ ने जनहित में मानव अधिकारों के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन एक माह में तलब किया है।




# जूडो-महर्षि को मिली स्वर्णीय सफलता

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य राजेश नौरला ने बताया कि जिला जूडो संघ व खेल एवम् युवा कल्याण विभाग एवं क्रीड़ा भारती जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में श्री त्रिभुवनदास मालपाणी हायर सेकेंडरी स्कूल मिलौनीगंज जबलपुर में आयोजित जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में महर्षि विद्या मंदिर, नर्मदा रोड जबलपुर के जूडो खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, चार रजत व सात कांस्य पदक प्राप्त कर शाला को गौरवंतित किया है। श्री नौरला ने आगे बताया कि ये सभी खिलाड़ी शाला की जूडो कोच आकांक्षा पांडे के नेतृत्व में प्रशिक्षक प्राप्त कर रहे है।संपन्न हुई स्पर्धा के विजेता खिलाड़ी इस प्रकार है, स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ी- तनु सिंह, कमर तबरेज, जसराज सिंह, रजत पदक प्राप्त खिलाड़ी- कार्तिक सोनकर, पूर्वी पटेल, मृगेन्द्र सिंह, प्रियांश केशरवान तथा कांस्य पदक प्राप्त खिलाड़ी- तान्या पटेल, मयंक विच्छले, वर्तिका खत्री, अतुल पांडेय, कृष्णा पिल्ले, श्रेयांश पटेल, प्रोयांशी चक्रवर्ती आदि विजेता है। खिलाड़ियों की इस सफलता पर जबलपुर जूडो संघ के अध्यक्ष रवि गुप्ता, सचिव आबिद खान, श्रीमती सपना नेहरा, अकिमचंद घोष व मोहित सिंह राजपूत आदि ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस का पालन-आरपीएफ की भूमिका

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। राष्ट्रीय बालिका दिवस, जो हर साल 24 जनवरी को भारत में बड़ी महत्वपूर्णता के साथ मनाया जाता है, देश की युवा बेटियों के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण को सम्मानित करने और उन्नत करने के प्रति अडिग प्रतिबद्धता की एक हार्दिक श्रद्धांजलि है। महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में इस दिन की अवधारणा की गई थी, और यह समाज को लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों का सामना करने और उनके समग्र विकास और सशक्तिकरण के लिए मार्ग प्रशस्त करने की एक मजबूत अपील करता है। आरपीएफ एक चौकस प्रहरी के रूप में उभरता है, जिसे भारत के विशाल रेलवे नेटवर्क में बालिकाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की पवित्र जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी यात्रियों की सुरक्षा के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता में, आरपीएफ ने विभिन्न पहलों का जाल बुन रखा है, जिनमें प्रत्येक पहल का उद्देश्य युवा लड़कियों की यात्रा को सुरक्षित, गरिमामयी और भयमुक्त बनाना है।

आरपीएफ हेल्पलाइन डेस्क

प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर, आरपीएफ ने हेल्पलाइन डेस्क स्थापित किए हैं, जिन्हें समर्पित सुरक्षा कर्मियों द्वारा संचालित किया जाता है। ये डेस्क संकट में पड़ी लड़कियों को तुरंत सहायता प्रदान करते हैं, उनकी यात्रा को सुरक्षित बनाते हैं और यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की चिंता को दूर करते हैं। पीड़ित यात्री अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 139 पर आरपीएफ से संपर्क कर सकते हैं। समर्पित आरपीएफ कर्मचारी कॉल प्राप्त करते हैं और उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करते हैं।

जागरूकता कार्यक्रम

आरपीएफ बालिका सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक समुदाय आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करता है। स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में कार्यशालाओं और सेमिनारों के माध्यम से, वे माता-पिता और बच्चों को शोषण और उत्पीड़न से बचाव के बारे में शिक्षा प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, रेलवे परिसर में यात्री जागरूकता प्रणालियों के माध्यम से नियमित घोषणाएं यात्रियों को सूचित करती हैं, और बाल हेल्पलाइन नंबर 1098 स्टेशनों पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाता है।

ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते

ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते आरपीएफ का एक समर्पित मिशन है, जिसका उद्देश्य रेलवे नेटवर्क में जरूरतमंद बच्चों को बचाना है। अपनी अडिग प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ, आरपीएफ ने हजारों बच्चों को संभावित खतरे से बचाया है, उन्हें सुरक्षा और समर्थन प्रदान किया है। वर्ष 2024 में, आरपीएफ ने ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत भारतीय रेलवे पर 15,703 बच्चों को, जिनमें 4,472 बालिकाएं शामिल थीं, को बचाया।


मेरी सहेली पहल

आरपीएफ की मेरी सहेली पहल महिला यात्रियों, जिनमें लड़कियां भी शामिल हैं, की पूरे ट्रेन यात्रा के दौरान सुरक्षा पर केंद्रित है। महिला आरपीएफ कर्मियों की समर्पित टीमें महिला यात्रियों से संवाद करती हैं, द्दठ्ठह्यह्लद्बठ्ठद्द उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करती हैं, यात्रा के आरंभिक स्टेशन से लेकर गंतव्य तक। वर्तमान में, लगभग 250 मेरी सहेली टीमें दैनिक रूप से तैनात की जाती हैं, जो भारतीय रेलवे नेटवर्क में 600 से अधिक ट्रेनों को कवर करती हैं। वर्ष 2024 में, कुल 46,64,906 अकेले यात्रा कर रही महिला यात्रियों, जिनमें बालिकाएं भी शामिल थीं, को आरपीएफ मेरी सहेली टीम द्वारा उनकी सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सहायता प्रदान की गई।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान


माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, आरपीएफ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेता है, जो बालिका के जीवन, सुरक्षा और शिक्षा को बढ़ावा देता है। विभिन्न साझेदारों के साथ मिलकर, आरपीएफ लिंग भेदभाव को समाप्त करने और लड़कियों को शिक्षा और करियर के अवसरों को आगे बढ़ाने के लिए सशक्त बनाने का प्रयास करता है।

मानव तस्करी की समस्या को पहचानते हुए, आरपीएफ ने प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर मानव तस्करी विरोधी इकाइयाँ (८।।ञ्ज) स्थापित की हैं। ये इकाइयाँ सरकारी रेलवे पुलिस (त्रक्क), स्थानीय पुलिस, खुफिया एजेंसियों, गैर सरकारी संगठनों (हत्रह्य) और बाल कल्याण समितियों (ष्टङ्खष्ट्य) के साथ मिलकर तस्करी की गतिविधियों को रोकने के लिए काम करती हैं। नियमित समन्वय बैठकें सूचना साझा करने और इस समस्या से निपटने के लिए रणनीतिक योजना बनाने में मदद करती हैं।



भारतीय रेलवे पर कुल 153 मानव तस्करी विरोधी इकाइयाँ (८।।ञ्ज) कार्यरत हैं। वर्ष 2024 में,८।।ञ्ज टीम ने 1511 पीड़ितों को बचाया, जिनमें 99 बालिकाएं शामिल थीं, और 456 तस्करों को गिरफ्तार किया।

आरपीएफ में भारतीय रेलवे पर 5622 महिला कर्मचारी शामिल हैं, जिनमें 13 गजेटेड अधिकारी, 570 अधीनस्थ अधिकारी और 4911 नॉन-ऑफिसर कर्मचारी हैं, जो महिला यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं। इसके अतिरिक्त, आरपीएफ कर्मचारी नियमित रूप से बाल सुरक्षा कानूनों और सर्वोत्तम प्रथाओं में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं, ताकि बच्चों से संबंधित मामलों को संवेदनशीलता और दक्षता के साथ संभाला जा सके। वे प्लेटफार्मों और ट्रेनों पर चौकस रहते हैं, यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी बच्चा अकेला या असुरक्षित न हो। बचाए गए बच्चों को तुरंत बाल देखभाल संस्थानों में भेजा जाता है,



भोपाल-परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने आज भोपाल में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिवहन मंत्री ने वाहनों की फिटनेस जाँच प्रक्रिया को देखा। उन्होंने संचालकों से जन-सामान्य को किसी भी तरह की परेशानी न होने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान सचिव परिवहन श्री मनीष सिंह और परिवहन आयुक्त श्री विवेक शर्मा भी मौजूद थे। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनफिट वाहनों के संचालन पर प्रभावी रूप से रोक लगाये जाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने वाहनों के स्व-चलित परीक्षण ( ऑटोमेटेड टेस्टिंग ) के बाद ही फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किया जाना



# दूध में शक्कर की तरह हर जगह एडजेस्ट होने की कला है भारतीयों में-मुख्यमंत्री डॉ. यादव




## भारत और जापान के ध्वज निरंतर विकास के प्रतीक-मुख्यमंत्री ने जापान में फ्रैंड्स ऑफ एमपी से किया संवाद

भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतवंशी अपनी परिवार परंपरा से जहां काम करते हैं वहां निष्ठा का भाव रखते हैं। यही कारण है कि वे हर जगह एडजेस्ट हो जाते हैं। एडजेस्ट भी ऐसे जैसे दूध में शक्कर मिल जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव चार दिवसीय जापान यात्रा के दूसरे दिन जापान में भारतवंशियों फ्रैन्ड्स ऑफ एम.पी. को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन, ऑटो मोबाइल, टायर मेन्यूफैक्चरिंग एवं रेडिमेड गारमेंट के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। इस अवसर पर जापान में भारत के राजदूत सी.व्ही. जार्ज, एसीएस मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

एक होते हैं सगे, एक होते हैं संबंधी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम भारतवंशी ही सगे संबंधियों को समझ सकते हैं। विदेश प्रवास के दौरान भी आप लोगों को सामने देखकर ऐसा लगता है जैसे हम सगे-संबंधियों के बीच आ गए हैं। हमारे देश में कोई भी उत्सव या समारोह तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक उस समारोह में सगे- संबंधियों की उपस्थित न हो। मैं आपको म.प्र. में फरवरी में होने जा रहे औद्योगिक निवेश के भव्य समारोह जीआईएस के लिये आमंत्रित करने आया हूँ। विदेश में अनजान चेहरों के बीच जब हमवतन दिखाई देते हैं तो भारतीयता की विशेष अनुभूति होती है।

प्राणियों में सद्भाव और विश्व का कल्याण हमारी संस्कृति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भाव हो और विश्व का कल्याण हो की भावना को सर्वोपरि रखकर काम करते हैं और यही वजह है कि हिन्दुस्तानी आपको हर देश में हर काम को निष्ठा के साथ करता हुआ मिल जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने इकबाल के शेर का जिक्र भी किया कि कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी... हम हर कठिनाई, हर चुनौती को मात देकर आगे बढ़ पाते हैं, यह हमारी विशेषता है।

हम आगे बढ़ना चाहते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति रही है कि कभी हमने आक्रमण नहीं किया, कभी किसी की भूमि पर कब्जा नहीं किया। हम आगे बढ़ना चाहते हैं। हमें विश्व गुरू के मार्ग पर आगे चलना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयामों को छुआ है। मैं कह सकता हूँ कि नेता तो पहले भी आते जाते रहे होंगे परंतु लोगों के मन में प्रधानमंत्री श्री मोदी के आगमन और विदेशी मंच पर उनके सम्मान को देखते हुए जिस विश्वास और दृढ़ता का भाव पैदा होता है, उस भाव से मन में गर्व की अनुभूति होती है।

मोदी के नेतृत्व में बढ़ा देश का आत्म-विश्वास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जापान में बसे भारतवंशियों और फ्रैंड्स ऑफ एमपी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5वीं बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है। उन्होंने कोविड काल की चुनौतियों से पार पाने की सफलता का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व क्षमता की सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व से विश्व स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है और हमारी उपस्थिति सम्मानजनक बनी है, साथ ही भारतवंशियों का आत्म-विश्वास भी बढ़ गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति उदात्त है, हम सदैव विश्व के कल्याण की बात करते हैं, भारतवंशी जहां भी रहते हैं वहीं के कल्याण में जुट जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा अच्छा करने का संकल्प और हमारी सभी के प्रति सदेच्छा हमारी कार्यसिद्धि का साधन बन जाते हैं।

उगते सूरज का देश है जापान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जापान उगते सूरज का देश है। भारत और जापान के राष्ट्र ध्वज की समानता को उदधृत करते हुए उन्होंने कहा कि जापान के ध्वज के मध्य में उगते सूरज को चिन्हित किया गया है, वहीं भारत के ध्वज के मध्य 24 चक्र 24घंटे विकास को इंगित करते हैं। उन्होंने कहा कि यहां 50 भारतीय कंपनियां काम कर रही हैं। मैं उन सभी भारतवासियों से कह रहा हूँ कि जो यहां काम कर रहे हैं, जापान के प्रति पूर्ण निष्ठा से काम करते रहें। उन्होंने कहा कि कई देश भारत की परिवार और कुटुम्ब परम्परा को नहीं समझते। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की एकता का आधार है।

प्रधानमंत्री की थाली और ताली की भाषा को सारे देश ने समझा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का करिश्माई नेतृत्व ही था जब कोरोना महामारी के काल में उन्होंने थाली और ताली बजवाकर कोरोना की गंभीर प्रवृत्ति का लोगों को आभास कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी हमारे आयडियल और अग्रणी नेता हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की रफ्तार को लॉकडाउन के माध्यम से नियंत्रित कर देशवासियों को सुरक्षित रखा। उन्होंने कहा कि जापान और जर्मनी जैसे समृद्ध और विकसित देश कम मैनपावर के बावजूद अपनी देश प्रेम की भावना और मेहनत के बल पर दुनिया के आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न और समृद्ध देशों की अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हम आर्थिक दृष्टि से विकसित देशों की पंक्ति में पांचवें स्थान पर हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा ने कहा कि विगत एक वर्ष में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने औद्योगिक विकास के नवाचार किए और नए आयाम स्थापित किए हैं। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए वे रीजनल इन्डस्ट्रीज की अवधारणा को धरातल पर लेकर आए। विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यूके, जर्मनी और जापान की यात्रा कर निवेशकों को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित किया। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह ने फ्रेंडस ऑफ मध्यप्रदेश के बीच मध्यप्रदेश गान सुख का दाता सबका साथी, शुभ का यह संदेश है- मां की गोद पिता का आश्रय मेरा मध्यप्रदेश है की पंक्तियों के साथ जापान में बसे भारतवासियों को अपने देश और प्रदेश की मिट्टी की याद दिलाई।

## संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा के विकास के लिए अंतर्विभागीय समन्वय से शीघ्र कार्य करने के दिये निर्देश

# संस्कृत विश्वविद्यालय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण का अभिन्न अंग- उप मुख्यमंत्री शुक्ल

भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि संस्कृत विश्वविद्यालय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति ही इस यात्रा की आधारशिला है, जो स्थायी और स्थिर विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा के संचालन एवं विकास की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, प्रमुख सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, आयुक्त उच्च



शिक्षा श्री निशांत वरवड़े सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा के समुचित संचालन, नवीन पाठ्यक्रमों के विस्तार, बजट आवंटन, अधोसंरचना विकास एवं शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अंतर्विभागीय समन्वय सुनिश्चित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने छात्रों को व्याकरण, साहित्य, वेद एवं ज्योतिष के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वित्त एवं उच्च शिक्षा विभाग आपसी समन्वय से शीघ्र ही आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करें ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि पाणिनि संस्थान अंतर्गत रामानुज संस्कृत विश्वविद्यालय के लिए 40 करोड़ रुपये की योजना प्रस्तावित है। उन्होंने संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा के पाठ्यक्रमों के संचालन, छात्रों के लिए आवास एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था और शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति के लिए बजट आवंटन व प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा कर निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा सांस्कृतिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण केंद्र है। विभिन्न विभागों के समेकित प्रयासों से इसे एक पूर्ण विकसित और प्रभावी शिक्षा केंद्र बनाया जाएगा।

# राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



भोपाल-(आरएनएस)नगरीय विकास एवं आवास तथा डिंडोरी जिले की प्रभारी राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की मंत्रालय स्थित कक्ष में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और जल निगम के अधिकारियों से डिंडोरी, करंजिया और शहपुरा-मेहंदवानी समूह जल प्रदाय परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने परियोजनाओं की अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक मैनपावर और संसाधनों का समुचित उपयोग कर कार्य में गति लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे योजनाओं का शीघ्र लाभ आमजन तक पहुंच सके। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित स्थानों का रिस्टोरेशन कार्य भी प्रभावी ढंग से किया जाए, जिससे नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने अधिकारियों को जल मिशन के कार्यों को तत्परता से पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि नल-जल योजना का लाभ प्रत्येक घर तक पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाये। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि फरवरी माह में वे स्वयं परियोजनाओं का भौतिक निरीक्षण करेंगी। एक माह के बाद पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रगति की विस्तृत समीक्षा होगी।

## भारत विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में से एक-राज्य मंत्री लोधी



भोपाल (आरएनएस)पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि राष्ट्र के विकास और प्रगति में पर्यटन महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हमारे महान देश का पर्यटन की दृष्टि से दुनिया में एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। हमारा देश सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक और पुरातात्विक दृष्टि से समृद्ध है। राज्य मंत्री श्री लोधी बर्सिलोना स्पेन में पर्यटन के रोड-शो कार्यक्रम में टूर ऑपरेटर, ट्रेवल एजेंट्स, पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को संबोधित कर रहे थे। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि मैं भारत के मध्य में स्थित प्रांत देश के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश से हूँ।

राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि जिस तरह हृदय सम्पूर्ण शरीर में ऊर्जा का प्रवाह करता है, उसी तरह भारत की आध्यात्मिक और दार्शनिक संस्कृति का मार्ग भी मध्यप्रदेश से होकर गुज़रता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पर्यटन के क्षेत्र में हमारा देश और प्रदेश निरंतर उच्च मापदंडों को स्पर्श कर रहा है।

# मध्य प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू किया जाए : कमलनाथ



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के जबलपुर उच्च न्यायालय द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को लेकर दायर की गई याचिका खारिज किए जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राज्य सरकार से ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिए जाने की मांग की है। मध्य प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बुधवार को कहा कि हाई कोर्ट ने उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें राज्य शासन द्वारा प्रदेश में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण देने के फैसले का विरोध किया गया था। यह कांग्रेस पार्टी की नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि मार्च 2019 में जब वह मुख्यमंत्री थे तो मध्य प्रदेश के ओबीसी समुदाय को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया था। हाई कोर्ट के फैसले ने तत्कालीन सरकार के निर्णय को एक बार फिर सही साबित किया है। अब मध्य प्रदेश सरकार को तत्काल सभी स्तर पर 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण देना सुनिश्चित करना चाहिए। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर ओबीसी विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कमलनाथ ने कहा कि ओबीसी आरक्षण को लेकर भाजपा ने हमेशा षड्यंत्रकारी रवैया अपनाया है। अगर पिछले छह साल के घटनाक्रम को देखें तो यह बात और ज्यादा स्पष्ट हो जाती है। उन्होंने कहा, मार्च 2019 में मेरी तत्कालीन सरकार ने मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया था। उसी साल 19 मार्च को हाईकोर्ट ने पोस्टग्रेजुएट मेडिकल कोर्स के लिए 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर स्थगन दिया। यहां उल्लेखनीय है कि स्थगन सिर्फ कुछ नौकरियों के लिए था। इतना ही नहीं ओबीसी के 27 प्रतिशत रिजर्वेशन की सभी बाधाओं को दूर करने के लिए जुलाई 2019 में मेरी सरकार ने विधानसभा से 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का कानून भी पास कर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्च 2020 में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद ओबीसी के खिलाफ षड्यंत्र शुरू किया गया। हाई कोर्ट का आदेश सिर्फ कुछ पदों पर लागू होना था, लेकिन भाजपा सरकार ने पूरे राज्य में सभी जगह यह आदेश लागू कर 27 प्रतिशत आरक्षण की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में 27 प्रतिशत आरक्षण के खिलाफ दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका खारिज होने के साथ ही प्रदेश में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करवाने के दरवाजे खुल गए हैं। मुख्यमंत्री से आग्रह है कि तुरंत सभी भर्तियों में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करने के प्रावधान किए जाएं।

## राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र में 1 करोड़ 38 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया

भोपाल (आरएनएस) पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि जनता ने विश्वास जताया है तो अब हमारा तन-मन व जीवन गोविदंपुरा विधानसभा की सेवा के लिए समर्पित है। यह बात उन्होंने बुधवार को अवधपुरी मंडल के वार्ड 61 में आयोजित भूमि-पूजन कार्यक्रम के दौरान कहीं। इस दौरान उन्होंने 1 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने रिगल होम्स में बाउंड्रीवॉल का भूमि-पूजन किया, जिसकी मांग लंबे समय से स्थानीय रहवासी कर रहे थे। एसओएस बालग्राम से शिवलोक फेज-3 तक सीमेंड रोड का भूमिपूजन किया। इसी तरह दीप मोहिनी, सुख सागर में नाली निर्माण के कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान रहवासियों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि आवश्यकता के अनुरूप क्षेत्र में लगातार सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखे। इस दौरान पार्षद श्रीमती मधु शिवनानी, वी शक्तिराव, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र धोटे, गणेश

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों की ई-केवायसी प्रक्रिया हुई आसान-मंत्री कुशवाह

भोपाल-(आरएनएस)सामाजिक न्याय दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के ई-केवाइसी प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा। इसके तहत ऐसे हितग्राही जिनके बायोमेट्रिक प्रक्रिया में फिंगर प्रिंट नहीं आ पा रहे है उनका आइरिस ऑर्थेटिकेशन कराया जायगा। चलने में असमर्थ हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कराकर पेंशन जारी रखी जाएगी। मंत्री श्री कुशवाह ने निर्देश दिये है कि पेंशन हितग्राहियों का ई-केवाइसी का कार्य 15 फरवरी 2025 तक शत-प्रतिशत पूरा कर लिया जाये। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने कलेक्टर्स ओर विभागीय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 49 लाख 84 हजार पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाइसी किया जा चुका है। शेष हितग्राहियों के ई-केवायसी की प्रक्रिया जारी है। जिन हितग्राहियों का बायोमेट्रिक ऑर्थेटिकेशन नहीं हो पा रहा है, उनका आइरिस ऑर्थेटिकेशन (आँख के माध्यम से) कराया जाएगा। जो वृद्धजन/दिव्यांगजन चलन-फिरने में असमर्थ है उनका भौतिक सत्यापन करा कर पेंशन जारी रखी जाएगी। साथ ही जिन हितग्राहियों को बायोमेट्रिक या आइरिस (आँखों से प्रमाणीकरण) ऑर्थेटिकेशन नहीं हो पा रहा है। उनका फेस-प्रमाणीकरण कराया जाएगा। श्रीमती वायंगणकर ने बताया कि जिन हितग्राहियों का उक्त तीनों प्रकार से प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा है उनका निवास स्थान पर पहुंचकर स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों द्वारा भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। इसके बाद उसे पेंशन पोर्टल पर चिन्हित कर प्रमाणीकरण किया जाएगा। प्रक्रिया के दौरान हितग्राही की पेंशन जारी रखी जाएगी। श्रीमती वायंगणकर ने बताया कि प्रदेश के ऐसे पेंशन हितग्राही जो रोजगार की तलाश में पलायन कर गये हों, उनके बारे में ग्राम पंचायत सचिव अथवा वार्ड प्रभारी से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जायेगी।


# मेक इन इंडिया के मिशन को साकार करने में अधिकारी अपनी ऊर्जा लगाएं-मंत्री काश्यप



भोपाल-(आरएनएस) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने बुधवार को एमएसएमई विभाग के नवनियुक्त सहायक संचालक, प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधकों से कहा है कि वे राज्य सरकार की मंशा अनुरूप मेक इन इंडिया के मिशन को साकार करने में अपनी ऊर्जा लगाएं ।मंत्री श्री काश्यप विभागीय परिचयात्मक प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे ।कार्यक्रम को उद्योग आयुक्त श्री दिलीप कुमार और सेडमैप के कार्यकारी निदेशक श्री अम्बरीष अधिकारी ने भी संबोधित किया। मंत्री श्री काश्यप ने सभी नवनियुक्त सहायक संचालकों एवं प्रबंधकों को बधाई देते हुए अपने नए दायित्व के साथ विभाग एवं स्वयं की प्रतिष्ठा को बढ़ाने के लिए सकारात्मक रूप से योजनाबद्ध कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण आपके ज्ञान में वृद्धि कर सकता है लेकिन अपने व्यवहार को हमें स्वयं ही उत्कृष्ट बनाना होगा ।नव उद्यमियों के प्रति हमारा व्यवहार सदैव उदार एवं सहायक हो और उन्हें सरकार की हर नीतियों का लाभ सुनिश्चित रूप से मिल सके। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि आपके पास नौकरी के माध्यम से यह देश सेवा का एक सुनहरा अवसर है। उद्यमशीलता के माध्यम से हम सब मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि एमएसएमई के माध्यम से हमारी सरकार में वृहद रूप में रोजगारों का सृजन हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हम मध्यप्रदेश में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से वर्तमान उद्योगपतियों को ताकत प्रदान कर रहे है साथ ही नए उद्यमियों को प्रोत्साहित कर उन्हें प्रदेश में अपना उद्योग शुरू करने हेतु विभिन्न प्रोग्राम चला रहे हैं। मंत्री श्री काश्यप ने डिजिटलाइजेशन प्रक्रिया पर जोर देते हुए एमएसएमई विभाग में नई कार्य योजना बनाने की बात कही है। उन्होंने सभी नवनियुक्त अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि नया कार्य आपको नए अनुभव भी प्रदान करेगा। आप अच्छे व्यवहार के साथ अपने अच्छे व्यक्तित्व और सरकार की सुदृढ़ और उत्कृष्ट छवि को आमजन के बीच प्रस्तुत करें। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी की कार्यक्षमता और कार्य कुशलता से हमारी सरकार और एमएसएमई विभाग नई ऊंचाईयों को प्राप्त करें। अंत में उन्होंने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के नवनियुक्त सहायक संचालकों, प्रबंधकों तथा सहायक प्रबंधकों को तीन दिवसीय परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस कार्यक्रम में वर्ष 2024 में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 37 सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक तथा म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल से चयनित 84 सहायक प्रबंधक द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

पूजा हमेशा पूर्व या उत्तर की ओर मुँह करके करनी चाहिये, हो सके तो सुबह 6 से 8 बजे के बीच में करें. पूजा जमीन पर आसन पर बैठकर ही करनी चाहिए, पूजा गृह में सुबह एवं शाम को दीपक,एक घी का और एक तेल का रखें. पूजा अर्चना होने के बाद उसी जगह पर खड़े होकर 3 परिक्रमाएँ करें. पूजाघर में मूर्तियाँ 1 ,3 , 5 , 7 , 9 ,11 इंच तक की होनी चाहिये, इससे बड़ी नहीं तथा खड़े हुए गणेश जी, सरस्वतीजी, लक्ष्मीजी, की मूर्तियाँ घर में नहीं होनी चाहिये. गणेश या देवी की प्रतिमा तीन, तीन शिवलिंग, दो शालिग्राम, दो सूर्य प्रतिमा, दो गोमती चक्र. दो की संख्या में कदापि न रखें.



## उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं

आतंकवाद के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नसीहत और चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। इस क्षेत्र को आतंकवाद के केंद्र के रूप में इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए रक्षा मंत्री ने इसकी भूमि प्रशिक्षण शिविरों और घुसपैठ गतिविधियों के लॉन्च पैड के तौर पर करने की बात कही। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इसकी पक्की जानकारी भारत के पास है, पाकिस्तान को यह बीमारी खत्म करनी होगी, नहीं तो डॉट-डॉट-डॉट। पीओके के लोगों को सम्मानजनक जीवन से वंचित रखने और धर्म के नाम पर उनका शोषण करने की भी उन्होंने चर्चा की। पीओके के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि यह जिया-उल-हक के समय से पोषित भारत विरोधी एजेंडा का हिस्सा है। पीओके यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक ने बीते हफ्ते जिहादी संस्कृति को फिर जीवित करने की घोषणा की है।

जिहाद की वकालत कर, अल-जिहाद के नारे लगवाने के पीछे उनकी मंशा इलाके की शांति भंग कर स्थिरता को ठेस लगाने की है। भारत-पाकिस्तान के दरम्यान 1965 में अखनूर में ही युद्ध लड़ा गया था। 1948, 1965, 1971 से लेकर 99 तक पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी परंतु घुसपैठ की घटनाएं रुकी नहीं हैं। न ही लगातार अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति छोड़ रहा है। सरकार का दावा है कि धारा 370 को हटाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में महत्त्वपूर्ण बदलाव नजर आ रहा है।

# क्या बजट आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरेगा ?

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। यह केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का अपने तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण वित्तीय बजट होगा। इस बार के बजट से हर सेक्टर की बड़ी उम्मीदें टिकी हुई हैं, इस बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। टैक्सपेयर्स भी इस बार वित्तमंत्री से इनकम टैक्स में राहत देने की उम्मीद कर रहा है। मिडिल-क्लास और वेतनभोगियों को भी राहत की उम्मीद है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

आम आदमी बढ़ती महंगाई, बेरोज़गारी और घटती खपत के बीच कुछ राहत की उम्मीद लगा रहा है। बजट, शिक्षा, रक्षा, उद्योग, महिलाओं और गरीब वर्गों के लिए सुधारों और प्रोत्साहनों का खाका तैयार करेगा। वित्त मंत्री से उम्मीद की जा रही है कि वे आयकर स्लैब में बदलाव करेंगी, जिससे वेतनभोगियों एवं करदाताओं को राहत मिलेगी। इस समय वेतनभोगी एवं करदाता की 15 लाख रुपये से अधिक की आमदनी पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। सरकार 10 लाख रुपये तक की आय को पूरी तरह टैक्स-फ्री करने और 15 से 20 लाख रुपये की आमदनी पर 25 प्रतिशत का नया टैक्स स्लैब लाने पर विचार कर रही है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करेगा। केंद्र सरकार बजट सत्र 2025 में नया आयकर कानून पेश करने की योजना बना रही है, जो करदाताओं को लाभान्वित करेगा और कर प्रणाली को सरल बनाएगा। इसके अलावा, सरकार इस बार के बजट में शेयर से होने वाली कमाई पर टैक्स लगाने का प्रावधान कर सकती है। इसमें शेयरों से मिलने वाले लाभांश, ब्याज से होने वाली कमाई और पूंजीगत लाभ पर भी टैक्स लगाया जा सकता है। यह बजट न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि सामाजिक और तकनीकी विकास की दिशा में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की भी संभावनाएं हैं। इस बजट से विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण घोषणाओं की उम्मीद है, जो अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की जा सकती हैं। आम आदमी के लिए सबसे पीड़ादायक टैक्स का बोझ है। हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे टैक्स का फ़ैसला समय-समय पर जीएसटी काउंसिल में लिया जाता है, लेकिन सरकार से उम्मीद की जाती है कि वो इन शुल्कों को और तर्कसंगत बनाकर आम लोगों को कुछ राहत दे। अर्थव्यवस्था की रफ़्तार धीमी पड़ने के कारण निवेशकों में घबराहट है और इसने रोज़गार के अवसरों को भी कम किया है जबकि महंगाई के हिसाब से मज़दूरी और वेतन में बढ़ोतरी नहीं होने से ख़ासकर सीमित आमदनी वाले परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पिछली तिमाहियों में कंपनियों के निराशाजनक प्रदर्शन ने भी इन हालात को मुश्किल बनाया है। जिससे नौकरी चाहने वाले युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोज़गार नहीं मिल पा रहा है। इन सारे कारकों के कारण मध्य वर्ग ने अपने खर्चों में कटौती की है जिससे पिछले कुछ महीनों में उपभोग में गिरावट आई है। इन परेशानियों एवं चिन्ताओं को कम करने में इस बार का बजट राहतभरा होने की उम्मीदे हैं। बजट में विभिन्न उद्योगों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा से रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़कों, रेल, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनाई जा सकती है, जिससे लॉजिस्टिक्स में सुधार होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं, जिससे मानव संसाधन का विकास हो सके। महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं। उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों के लिए अतिरिक्त अनुदान दिया जा सकता है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, और चिकित्सा के क्षेत्र में इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए नई योजनाएं लाई जा सकती हैं।

## अब बनने लगा है गांधी के सपनों का भारत

महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस जब हम नये भारत-सशक्त भारत को विकसित होते हुए देखते है तो प्रतीत होता है कि यह गांधी के ही सपनों का भारत बन रहा है। कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने गांधी की केवल मूर्तियां स्थापित की, लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों में गांधी दर्शन को लागू कर रही है। गांधी के अहिंसा दर्शन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश में बल्कि दुनिया में स्थापित कर रहे हैं। गांधी की अहिंसा ने भारत को गौरवान्वित किया है, भारत ही नहीं, दुनियाभर में अब उनकी जयन्ती को बड़े पैमाने पर अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। महात्मा गांधी महानायक के रूप में ही नहीं, देवनायक के रूप में लोकतंत्र के मजबूत आधार एवं संकटमोचक है। संसद से लेकर सड़क तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और व्यक्ति से लेकर विचार बनने तक जीवन के हर नीति में, हर दृष्टिकोण में, हर मोड़ पर गांधी की व्याप्ति है। भारत का स्वतंत्रता संग्राम हो या फिर नये भारत की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिस्थितियां हमारी हर सोच में, हर क्रियाएं में, हर नीति में गांधी का होना यह दर्शा रहा है कि आज गांधी पूर्व सरकारों की तुलना में ज्यादा जीवंत बने हैं।

महात्मा गांधी के विचार एवं दर्शन पर ही मोदी सरकार की योजनाएं एवं नीतियां आगे बढ़ रही है। इस बात का खुलासा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए कहा है कि उनके सबका साथ, सबका विकास के विचार की प्रेरणा 1980 के दशक की है। मोदी ने अपने हाथ से लिखे एक नोट्स में इस विचार के बारे में काफी पहले ही लिख दिया था।

## दिल्ली चुनाव में महिला वोटरों की उदासीनता, फ्रीबीज के खिलाफ आधी आबादी

अरविंद केजरीवाल ने अपने चुनावी घोषणापत्र में एक बार फिर फ्रीबीज की झड़ी लगाई है। कितने सफल होंगे ये तो आने वाला समय ही तय करेगा। पर, अब इतना जरूर है, लोग फ्री की सौगातों से ऊबने लगे है। श्रमबल को तरजीह देने वाली आधी आबादी, भी अब मुफ्त की चुनावी रेबड़ियों पर ध्यान नहीं देगी। इसी कारण जारी दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार में महिला वोटरों की उदासीनता बड़े पैमाने पर दिखने लगी है। पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के कूदे कुल 699 उम्मीदवारों में 96 महिला कैंडिडेट भी हैं। पर, वैसा उत्साह नहीं दिखता, जितना पिछले चुनावों में दिखा था। जबकि, प्रमुख दल आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस तीनों महिला वोटरों को रिझाने में मुफत के वादों की झड़ी लगाए हुए हैं। कोई 2100 रूपए देने का वादा कर रहा है तो 2500 और 3000 तक भी? फ्री बस सेवा सभी के एजेंड़ों में हैं। अब, सवाल यहां ये उठता है, इतनेलुभावने वादों के बाद भी महिला वोटरों में उत्साह क्यों नहीं है? इस डरावनी तस्वीर से न सिर्फ सफेदपोश परेशान हैं, बल्कि चुनाव आयोग भी चिंतित है। चुनावी समर में लगातार तेजी से गिरता वोटिग प्रतिशत चुनावी प्रक्रिया के अलावा लोकतंत्र के लिए भी घातक है। जबकि, बीते 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में महिलाओं का वोटिंग स्कोर पुरुषों के मुकाबले अधिक था।

शायद, महिलाएं भी अब समझ चुकी हैं कि फ्री के नाम पर राजनीतिक दल उन्हें वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने लगे हैं? महिलाएं बुनियादी मुद्दों की गंभीरताओं को अच्छे से समझती हैं। राज्य तरक्की करे उसमें उनकी भागीदारी हो, को ध्यान में रखकर ज्यादातर महिलाएं मुफ्त की रेवड़ियां से तौबा करना शुरू कर दिया है। इस संबंध में एक ताजा और बेहतरीन उदाहरण सामने है। पिछले विधानसभा चुनाव में बिहार में जब नीतीश कुमार ने शराब बंदी का ऐलान करके चुनाव लड़ा, तो महिलाओं ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया और उन्हें सत्ता पर बैठा दिया। देश और सामाजिक उद्धार वाले मुद्दों के प्रति महिलाएं कितनी सजग हैं, इससे खूबशूरत उदाहरण दूसरा कोई नहीं हो सकता। केंद्रीय स्तर पर जब से आत्मनिर्भरता की अलख चहुंओर जगी है। तब, से महिलाएं भी श्रमबल को ज्यादा तवज्जो देनी लगी हैं। ये अच्छी बात है, इससे राजनीतिक दल अपनी हरकतों से बाज आएंगे। शायद यही कारण है दिल्ली में महिलाओं की चुनाव के प्रति उदासीनता है। क्योंकि, सभी दल मुद्दों-समस्याओं को छोड़कर फ्री की सेल लगाकर बैठे हैं। ऐसे दलों का पुरजोर विरोध होना ही चाहिए। विरोध से ही सरकारें टैक्सपेयर्स का पैसा बर्बाद करने से पीछे हटेंगी।

महिलाओं की उदासीनता के बूते ही दिल्ली चुनाव इस बार नई तस्वीर पेश करेगा। मौजूदा सरकार की शराब पॉलिसी को लेकर महिलाएं खासी नाराज हैं। सरकार की नई शराब नीति में 'एक पर एक फ्री बोतल' पॉलिसी ने कईयों के घर बर्बाद कर दिए। जो नहीं पीता था, वो भी फ्री के चक्कर में पीने लगा। मौजूदा सरकार अगर सत्ता से बेदखल होती है, तो शराब ऑफर उसका मुख्य कारण होगा।

## प्रयागराज रेलवे ने 222 मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ 360 से अधिक ट्रेनों का किया संचालन

महाकुम्भ नगर। सनातन आस्था के महापर्व महाकुम्भ के सबसे बड़े अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर्व पर 8 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में स्नान किया। पिछले कई दिनों से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन प्रयागराज से हो रहा था। प्रयागराज रेल मण्डल ने श्रद्धालुओं के सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए बुधवार को रिकॉर्ड 222 मेला स्पेशल ट्रेनों के साथ 360 से अधिक ट्रेनों का संचालन किया। प्रयागराज रेलवे के सभी स्टेशनों से मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन पूरे दिन किया जाता रहा। प्रयागराज रेल प्रशासन ने मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं के सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए विशेष प्रबंध किये थे। प्रयागराज रेल मण्डल और शहर के अन्य रेलवे स्टेशनों पर भी आश्रय स्थल, होल्डिंग एरिया के साथ आसान टिकट वितरण की व्यवस्था की गई थी। तीर्थयात्रियों के सुरक्षित प्रवेश और निकास के लिए जीआरपी और सिविल पुलिस की संयुक्त कार्ययोजना के अनुरूप कार्य किया गया। साथ ही करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशन तक पहुंचाने के लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने रिकॉर्ड 222 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया।

## सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली

दिसम्बर 2022 में जोशीमठ में अपने भवनों, सड़कों, खेतों में दिखतीं दरारें, कहीं-कहीं भवनों का तिरछा होता देख तथा पानी के फव्वारे फूटते देख भयंकर जाड़ों में भी दिन-रात भारत-चीन के सीमांत नगर जोशीमठ के निवासी सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन में जुटे थे।

इसरो की वेबसाइट के अनुसार अप्रैल- नवम्बर, 2022 के बीच धंसाव 8-9 सेमी. था जबकि दिसम्बर 27, 2022 से जनवरी 8, 2023 के केवल बारह दिनों में यह 5-4 सेमी. था। उन्हीं दिनों अन्य नगरों और गांवों से भी जोशीमठ जैसी स्थितियों के उपजने की खबरें आने लगी थीं। तब उत्तराखंड सरकार ने जोशीमठ सहित एक दर्जन से ज्यादा नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने की सार्वजनिक घोषणा की थी। पुनः 2024 में चारधाम यात्रा पड़ावों और प्रमुख पर्यटक स्थलों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की एक ही दिन में हजारों की भीड़ पहुंचने तथा वाहनों से जाम जैसी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार ने यात्रा मागरे के पड़ावों और भारी भीड़ से बोझिल नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने का अपना मंतव्य व्यक्त कर दिया था किन्तु ठोस कार्रवाई न तो 2022 में हुई और न ही 2025 तक भी होती दिखी है। जोशीमठ का परिप्रेक्ष्य जनसंख्या भार और बाहरी आती-जाती भीड़ की बजाय वहां की भूगर्भीय कमजोरियों का है जबकि तीर्थ और पर्यटन स्थलों का मामला भीड़भाड़ का है। जोशीमठ की बसावट एक पुराने भूस्खलन, हिमस्खलन मोरेन हिमोड के ऊपर है। ड्रेनेज पैटर्न की भी समस्या है। हालांकि स्थानीय 'जोशीमठ बचाओ संघर्ष समितिई भूधंसाव और दरारों के लिए एक जल विद्युत परियोजना की कई किमी. की सुरंग और हेलंग बायपास निर्माण को आज भी जिम्मेदार मानती है। निस्संदेह उत्तराखंड के पर्वतीय नगर और गांवों की धारण क्षमता के आकलन की आवश्यकता है परंतु इसके लिए सरकार और आम जन में भी एक समग्र समझ पैदा होना जरूरी है।

धारण क्षमता आकलन प्राथमिक समाधान की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि वहनीय क्षमता की लक्ष्मण रेखा को लांघने के जोखिमों के संदर्भ में सचेत होने की प्रक्रिया है। धारण क्षमता जान कर तब फायदा है जब हम उसके प्रति संवेदित हों किन्तु पिछले दो सालों से स्मरण कराया जा रहा है कि दिल्ली से देहरादून का सफर अब सात की जगह दो घंटे का होने वाला है। देहरादून से मसूरी और वहां से होते हुए पर्यटन और तीर्थस्थलों तक पहुंचने में जाम न लगे, पार्किंग में भी दिक्कत न हो, इसके लिए सुरंगें प्रस्तावित हैं।

## भगवान शंकर अपने भक्तों के प्रेम व भक्ति भाव को देखकर श्रृंगार को मना नहीं कर पाएं

विगत अंक में हमने बड़े सुंदर व मनभावन प्रसंग को श्रवण किया। जिसमें कि शिवगणों द्वारा, भगवान शंकर का श्रृंगार किया जा रहा था। यहाँ यह पक्ष अवश्य विचारणीय है, कि क्या एक साधारण जीव, जो कि संसार की माया की मलिनता में सना हुआ है, वो आखिर परम पवित्र, साक्षात भगवान का श्रृंगार भला कैसे कर सकता है? निश्चित ही यह तो विधान के उल्ट हुआ। किंतु इसमें कुछ भी असत्य नहीं है। भले ही एक भक्त को अनेकों जन्मों के पापों से संघर्ष करते हुए, प्रभु की भक्ति करनी पड़ती है। किंतु तब भी वह इन पाप कर्मों की मैल होते हुए भी मलिन नहीं कहलाता है। कारण कि वह अपने प्रभु के प्रेम में मस्त होता है। प्रभु भी जब देखते हैं, कि मेरे भक्त का प्रत्येक मनोभाव मेरे से ही जुड़ा हुआ है, तो वे भी अपने भक्त के कर्मों संस्कारों को न देखकर, उसके भक्ति भावों को ही देखते हैं। प्रभु अपने ऐसे भक्तों को स्वयं से भिन्न न मान कर, उसे अपना ही रुप प्रदान कर देते हैं। उस अवस्था में भक्त और भगवान में कोई अंतर नहीं रह जाता। ऐसे ही भक्त कैलाश पर उपस्थित शिवगण भी हैं। वे भगवान शंकर के प्रति इतने समर्पित व प्रेम से ओत-प्रोत हैं, कि उन्हें यह ज्ञान ही न रहा, कि हम भला कौन होते हैं, जो भगवान का भी श्रृंगार करने बैठ जायें।

## राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना बहुत जरूरी

भारत डोगरा

समय में जब दुनिया बहुत संवेदनशील दौर से गुजर रही है, हमें विश्व स्तर पर अमन-शांति के प्रयासों में भरपूर सहयोग देना चाहिए, पर साथ में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना भी बहुत जरूरी है, और इसके लिए हमें बहुत सावधानी से अपनी राह बनानी होगी।

यह एक बहुपक्षीय चुनौती है पर फिर भी यदि संक्षेप में कहें तो ये चार राहें हमारे देश को सुरक्षा और समृद्धि की राह पर ले जाती हैं।

पहली राह तो यह है कि राष्ट्रीय एकता को बहुत उच्च प्राथमिकता दी जाए और धर्म, जाति, क्षेत्र, रंग, लिंग आदि हर तरह के भेदभाव को समाप्त किया जाए और सभी लोगों को भारतीय नागरिक के रूप में एक से अधिकार, सम्मान और गरिमा प्राप्त हों। यह सरकारी नीति के लिए और लोगों के व्यवहार,दोनों के लिए जरूरी है कि किसी को सामाजिक विषमता, भेदभाव या अनुचित व्यवहार का अहसास न हो। जिन्होंने ऐतिहासिक स्तर पर बहुत विषमता सही है, उनके लिए संवैधानिक स्तर पर जो विशेष लाभ दिए गए वे इस समता के उद्देश्य के अनुकूल हैं, संविधान-सम्मत हैं, और उन्हें भी सम्मान मिलना चाहिए। दूसरी राह यह है कि विभिन्न राजनीतिक दलों और अन्य राजनीतिक-सामाजिक ताकतों में टकराव सीमा से आगे न बढ़े और आपसी मतभेदों के भिन्न विचारों के बावजूद वे बड़े राष्ट्रीय हितों पर एक-दूसरे से सहयोग ही करते रहें। इसके लिए जरूरी है कि एक-दूसरे के विरुद्ध अपमानजनक भाषा या अतिश्योक्तिपूर्ण आलोचना से बचा जाए। लोकतंत्र में तो यह निश्चित है कि विभिन्न राजनीतिक दल और अन्य राजनीतिक-सामाजिक संगठन अपने-अपने विचारों के साथ आगे बढ़ें और एक-दूसरे के विचारों की आलोचना करें। लोकतंत्र का एक बड़ा आधार ही यह है कि ऐसे मतभेद हिंसा और नफरत का रूप न लें और लोकतांत्रिक तौर-तरीकों के आधार पर इन विभिन्न विचारों के बीच बेहतर राह निकाल कर देश आगे बढ़ सके।

आज लोकतंत्र में यह भूमिका कई जगह संकटग्रस्त हो रही है। अपने को लोकतंत्र का शिखर मानने वाले पश्चिमी देशों के लोकतंत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं। दूसरी ओर, कुछ छोटे-बड़े अन्य देशों में मनभेदों और महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव अनियंत्रित हो जाने के कारण गृह युद्ध हो चुके हैं, या हो रहे हैं, जिनमें लाखों निदरेष लोग मारे गए हैं। हम अपने आस-पड़ोस में ही देखें-बांग्लादेश और पाकिस्तान, श्रीलंका और नेपाल-तो स्थिति चिंताजनक ही नजर आएगी। अतः आवश्यक है कि इन अनुभवों से सबक लेते हुए देश के विभिन्न विचारों वाले राजनीतिक दलों और अन्य संगठनों की कुछ ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे उनके आपसी टकराव अनुशासन और शालीनता की सीमा में रहें और अनुचित या अवैध तौर-तरीकों का उपयोग एक-दूसरे के विरुद्ध न किया जाए। तीसरा मुद्दा, जो इससे जुड़ा हुआ है, यह है कि हमें आपसी एकता से तय कर लेना है कि हम विदेशी ताकतों के हाथों में नहीं खेलेंगे। विश्व के जिन देशों में हाल के दशकों में सर्वाधिक विनाश हुआ है, जैसे इराक, अफगानिस्तान, सीरिया, लेबनान, लीबिया, सुडान और सोमालिया आदि, में इस विनाश में सबसे शक्तिशाली विदेशी ताकतों की बड़ी भूमिका रही है। अनेक अन्य छोटे-बड़े देशों में भी इन सबसे शक्तिशाली देशों ने तरह-तरह से अनिश्चय लाने की नीतियां अपनाई, उन्हें कमजोर करने और वहां ऐसे तत्वों को आगे बढ़ाने की कोशिश की जो इन शक्तिशाली देशों का साथ दे सकते हों। इन देशों में यदि ऐसी सरकारें हैं जो बड़ी शक्तियों की मनमानी में बाधा हैं तो इन सरकारों को कमजोर या अस्थिर करने या हटाने तक के प्रयास इन सबसे शक्तिशाली देशों ने किए। अतः इस बारे में हमारे देश में व्यापक एकता बननी चाहिए कि जहां तक बाहरी ताकतों के नापाक इरादों और साजिशों का सवाल है, तो उनका सामना हम एकता से करेंगे। यह देशभक्ति की ऐसी राह है, जिसे हमें कभी नहीं छोड़ना है।

चौथी राह यह है कि हमें देश और दुनिया के मूल सिद्धांतों के रूप में अमन-शांति, न्याय और समता, पर्यावरण की रक्षा और सभी जीवों के प्रति करुणा को स्वीकार कर लेना चाहिए। हां, विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों के लिए इन सिद्धांतों की व्याख्या अलग हो सकती है और सभी के अपने रीति-रिवाजों और लोकतांत्रिक अधिकारों का तो सम्मान करना ही पड़ेगा। अपने-अपने विचारों और सोच के आधार पर भी विभिन्न व्यक्ति और संगठन इन सिद्धांतों को अलग ढंग से परिभाषित करेंगे और फिर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के चलते जो तय होगा उस पर ही देश चलेगा और साथ में लोकतांत्रिक बहस भी चलती रहेगी। इन चार रास्तों पर भली-भांति धैर्य, समझदारी और दृढ़ निश्चय और साहस से चला जाए तो ये चारों रास्ते एक ऐसे चौराहे पर मिलते हैं जिसका नाम है देश की स्थाई सुरक्षा और समृद्धि। बढ़ता सैन्य खर्च भी देश को वह सुरक्षा नहीं दे सकता जो ये चार रास्ते दे सकते हैं, बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों का निवेश भी वह समृद्धि नहीं दे सकता जो ये चार रास्ते दे सकते हैं। इस तरह की सोच को लोगों के बीच विशेषकर युवाओं के बीच ले जाना बहुत जरूरी है क्योंकि वे ही तो देश का भविष्य हैं। युवाओं के लिए इसी सोच से जुड़ा यह संदेश है कि इस समय सार्थक और जरूरी बदलाव के लिए सबसे जरूरी कार्य है न्याय, अमन-शांति और पर्यावरण रक्षा पर आधारित एक ऐसा एजेंडा लोगों के बीच ले जाना है, जिसके विभिन्न लक्ष्य एक दूसरे से मेल रखते हों। इसके लिए लोकतंत्र और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं बहुत जरूरी हैं, पारदर्शिता बहुत जरूरी है, खुला विमर्श बहुत जरूरी है। अतः सार्थक सामाजिक बदलाव की राह पर अग्रसर युवाओं को अहिंसा और पारदर्शिता की राह को ही चुनना चाहिए। देश ही नहीं, दुनिया के स्तर पर भी मौजूदा दौर में अहिंसक क्रांति का अर्थ है अधिसंख्य लोगों को समय रहते अमन-शांति, न्याय और पर्यावरण रक्षा के एजेंडे के लिए तैयार करना। यह कठिन चुनौती है, जिसके लिए बहुत मेहनत से, समझदारी से, निरंतरता से कार्य करने की जरूरत है।

इसी तरह गृह युद्ध, अलगाववादी हिंसा, सांप्रदायिकता, धार्मिक कट्टरता और उन्माद से जुड़ी हिंसा, धार्मिक कट्रता से जुड़े अलगाववाद को भी नकारना और विभिन्न समस्याओं के लोकतांत्रिक समाधानों को प्रतिष्ठित करना जरूरी है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि : आज आपका दिन एक सुनहरा पल लेकर आएगा। आपके व्यापार में इजाफा होगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा। किसी मित्र से सहयोग मिलने से बेकरी का बिजनेस करने वालों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी, जिससे अधिक लाभ मिलेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

मिथुन राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। अनुभवी व्यक्ति आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा।

कर्क राशि : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। किसी नयी जगह पर आज घूमने जाएंगे जिससे नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे। किसी जरूरतमंद की आज आप मदद करेंगे,

सिंह राशि : आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है।

कन्या राशि : आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा।

धनु राशि : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी काम के प्रति लगन और निष्ठा बढ़ेगी जिससे आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक जीवन में सुख शांति बढ़ेगी और मन प्रसन्न रहेगा।

मकर राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप रुके कार्यों को आज पूरा करने में व्यस्त रहेंगे, आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मिलकर अच्छा लगेगा।

कुंभ राशि : आज का दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आँखों की समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे, जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में रोड शो भी किया और जनसभा को भी संबोधित किया। आम आदमी पार्टी पर हमलावर होते हुए अमित शाह ने कहा कि ये ( आप ) भ्रष्टाचार हटाने का नाम लेकर सत्ता में आए थे और हजारों करोड़ रुपए का घोटाला कर दिया। आप वादा-खिलाफी करने वाली पार्टी है। इन्होंने ( अरविंद केजरीवाल ) कहा कि हम राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे, लेकिन पार्टी बनाई। शीला दीक्षित को जेल में डालने की बात कही और कांग्रेस से समर्थन लेने का काम किया। शराब की दुकानें बंद कराने वाले थे, खुद ही शराब की बोतल बन गए। यमुना में डुबकी लगाने वाले थे,

# अचानक बेरीकैडिंग तोड़ कर आई भीड़ और संगम तट पर सो रहे लोगों को रौंद गई

महाकुंभनगर (आरएनएस)। मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी में डुबकी लगाने के साथ अखाड़ों में साधु संतों के दर्शन की आस लिये संगम तट पर सो रहे श्रद्धालुओं को मंगलवार देर रात बैरीकेडिंग तोड़ कर आयी भीड़ ने रौंद दिया। इस हादसे में बाल बाल सकुशल बचे श्रद्धालुओं ने मेला क्षेत्र से निकलने के दौरान यह वृतांत सुनाया।

संगम क्षेत्र में इस घटना की प्रत्यक्षदर्शी कोलकाता से आई कृष्णा प्रसाद ने बताया कि संगम तट पर लोग सुबह होने की प्रतीक्षा में लेटे थे। तभी लोगों की भीड़ अखाड़ों के अमृत स्नान के लिए बने बैरिकेट को तोड़ते हुए घाट की तरफ बढ़ी और घाट पर लेटे श्रद्धालु भीड़ की चपेट में आ गए। बरेली से आई पूर्व शिक्षिका सुमन सिंह ने कहा कि भाग्य भाग्य की बात है, ऐसा अवसर सभी को नहीं मिलता। इसीलिए हम गंगा माइया में स्नान करने पहुंची हूं। ऐसी अनहोनी की किसी ने कल्पना तक नहीं किया था , लगत है गंगा मइया को यही मंजूर था। यह बहुत बड़ा दुर्भाग्य है। पता नहीं किसकी गलती की सजा इन लोगों को मिली। जयपुर के बाडमेर निवसी सज्जन पुरखोलिया ने सेक्टर दो में बने मीडिया शिविर के सामने से जाते समय बातचीत में बताया कि 144 साल बाद यह पुण्य स्नान का अवसर है जिसे कोई भी गंवाना नहीं चाहता। यही वजह है कि देश दुनिया से लोग संगम के किनारे खुले आसमान के नीचे डेरा डालकर पड़े थे। तभी बैरिकेड तोड़कर आए जनसैलाब के नीचे वे दब गए। यह हमारा सौभाग्य था कि हम और हमारे साथ आए पांच लोग किसी तरह बच गए। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर फैले जूते चप्पल और लोगों के कपड़े घटना की कहानी बयां कर रहे हैं। घटना में

## श्रद्धालुओं ने बताया आंखों देखा हाल

कई महिलाओं समेत अनेक लोग घायल हो गए जिन्हें सुरक्षाकर्मी एंबुलेंस से अस्पताल ले गये हैं। उन्होंने कहा कि अखाड़ों के नागा सन्यासियों का दर्शन करने की अभिलाषा से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम तट पर डटे रहे। मुझे लगता है कि बहुत भाग्यशाली हैं वे लोग जो गंगा के तट पर आकर मोक्ष को प्राप्त करते हैं। जिला प्रशासन को करोड़ों की भीड़ से हादसा होने की संभावना का अंदेशा पहले ही हो गया था। यही वजह है कि प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने छोटे लाउडस्पीकर से मुनादी करते हुए कहा कि सभी श्रद्धालु सुन लें..यहां लेटे रहने से कोई फायदा नहीं है। जो सोवत है, वो खोवत है। उठिए उठिए और स्नान करिए। आपके सुरक्षित रहने के लिए यह जरूरी है। बहुत लोग आएंगे और भगदड़ मचने की संभावना है। आप पहले आ गए हैं तो आपको सबसे पहले अमृत स्नान कर लेना चाहिए। सभी श्रद्धालुओं से करबद्ध निवेदन है कि उठें.. उठें.. उठें और स्नान करके वापस जाएं। इस बीच मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है और चारों दिशाओं से श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना जारी है।

**पीएम मोदी ने महाकुंभ भगदड़ को बताया दुखद, कहा- मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं**

नई दिल्ली ,29 जनवरी (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में बुधवार को मची भगदड़ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

उन्होंने सीएम योगी से फोन पर हुई बातचीत के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ हादसे को लेकर मीडिया से बात की थी। सीएम योगी ने कहा, महाकुंभ मेला क्षेत्र में मची घटना को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से चार बार फोन पर बात हुई है। प्रयागराज में भीड़ का भारी दबाव है और जो घटना घटी है, वह बैरिकेड को फांदने के कारण हुई है।



भाजपा नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अमृतसर के हेरिटेज स्ट्रीट पर बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसे 26 जनवरी को एक व्यक्ति ने कथित तौर पर क्षतिग्रस्त कर दिया था।



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान संगम पर मची भगदड़ के बाद की स्थिति.

# इसरो की ऐतिहासिक उड़ान, लॉन्च किया एनवीएस-02; भारत का नेविगेशन सिस्टम होगा सटीक

श्रीहरिकोटा (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इतिहास रच दिया है। इसरो ने बुधवार सुबह आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपण यान जीएसएलवी-एफ15 के जरिए अपना 100वां मिशन, एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट लॉन्च किया है। दरअसल, जीएसएलवी-एफ15 रॉकेट ने सुबह 6¬23 बजे उड़ान भरी, जिसमें एनवीएस-02 नेविगेशन सैटेलाइट अंतरिक्ष में पहुंचाया गया। यह लॉन्च इसरो की एक बड़ी उपलब्धि है, जो देश की अंतरिक्ष अनुसंधान क्षमताओं को दर्शाती है। इसरो ने इस महत्वपूर्ण लॉन्च के बारे में एक्स के जरिए जानकारी दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, जीएसएलवी-एफ15 ने सफलतापूर्वक उड़ान भरी है, एनवीएस-02 को उसकी निर्धारित कक्षा में ले गया है। इसरो ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, मिशन सफल! जीएसएलवी-एफ15/एनवीएस-02 मिशन सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। भारत अंतरिक्ष नेविगेशन में नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा, आज हमने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस महीने की 16 तारीख को हमने डॉकिंग सिस्टम की उपलब्धि हासिल की थी। इसरो की 100वीं लॉन्चिंग, टीम इसरो की कड़ी मेहनत और टीम वर्क से सफलतापूर्वक हासिल की गई है। इस साल हमें कई प्रोजेक्ट्स के लिए मंजूरी मिली है। संभवतः चंद्रयान 3, 4 और कई अन्य मंजूरियां मिल चुकी हैं। इस साल कई मिशन की तैयारी है। मेरी प्राथमिकता नई मंजूरी वाली परियोजनाओं को गति देना है। जो भी प्रोजेक्ट में देरी हो रही है, मैं उन्हें पूरा करूंगा। जीएसएलवी-एफ15, जीएसएलवी रॉकेट की 17वीं उड़ान है। यह स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण वाली 11वीं उड़ान भी है। एनवीएस-02 उपग्रह भारतीय नेविगेशन प्रणाली का हिस्सा है। यह दूसरी पीढ़ी का उपग्रह है, जो नेविगेशन के लिए काम करेगा। नेविगेशन उपग्रह प्रणाली को भारत में उपयोगकर्ताओं और भारतीय भूमि से लगभग 1500 किमी दूर तक सटीक स्थिति, वेग और समय सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया है। नया एनवीएस-02 उपग्रह एल1 फ्रीक्वेंसी बैंड को सपोर्ट करता है। इससे इसकी सेवाओं और विश्वसनीयता में सुधार होगा।

इससे पहले इसरो ने कहा था कि एनवीएस-02 उपग्रह एनएवीएलसी उपग्रहों की दूसरी पीढ़ी है। इसका वजन 2,250 किलोग्राम है और यह लगभग 3 किलोवाट की पावर संभाल सकता है। इसमें एल1, एल5 और एस बैंड में नेविगेशन पेलोड, और सी-बैंड पेलोड होगा। एनएवीआईसी दो प्रकार की सेवाएं देगा¬ मानक पोजिशनिंग सेवा और प्रतिबंधित सेवा। एनएवीआईसी की एसपीएस सेवा 20 मीटर से बेहतर स्थिति सटीकता और 40 नैनोसेकंड से बेहतर समय सटीकता प्रदान करेगी।

## गर्भवती महिला के पेट में बच्चे के पेट में बच्चा... सोनोग्राफी देख डॉक्टर हुए हैरान

महाराष्ट्र (आरएनएस)। बुलढाना के सरकारी अस्पताल में एक गर्भवती महिला की सोनोग्राफी चर्चा में है। डॉक्टर ने सोनोग्राफी को देखा तो तो वह भी चौंक गए, क्योंकि गर्भवती के पेट में बच्चा तो दिखाई दे रहा था। साथ ही इस बच्चे के पेट में भी एक बच्चा दिखाई दे रहा था। दो दिन पहले जिले के मोताला तहसील के एक गांव से 9 माह की गर्भवती महिला (32 साल) सरकारी महिला रुग्णालय पहुंची। वहां डॉक्टर प्रसाद अग्रवाल ने गर्भवती की सोनोग्राफी की। सोनोग्राफी करते समय उन्हें महिला के पेट में बच्चा तो दिखाई दिया, साथ ही उसी बच्चे के पेट कुछ और भी दिखाई दिया। डॉक्टर अग्रवाल ने और तीन बार महिला की सोनोग्राफी की तो उन्हें दिखाई दिया कि जो पेट में बच्चा है, उसके पेट में भी एक बच्चा है। डॉक्टर अग्रवाल ने यह बात अपने वरिष्ठों को बताई। वरिष्ठों ने गर्भवती महिला को डिलीवरी और किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसलिए संभाजीनगर भेज दिया। महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रसाद अग्रवाल से पूछा गया कि महिला और पेट में पल रहे बच्चे को कोई नुकसान की आशंका हो सकती है क्या? इस पर डॉक्टर ने कहा कि महिला को तो कोई प्रॉब्लम नहीं होगी। लेकिन डिलीवरी के बाद जन्मे बच्चे का जल्द उपचार नहीं हुआ तो उसकी ग्रोथ में बाधा आ सकती है।



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान %मौनी अमावस्या% पर संगम पर भगदड़ के बाद फंसे हुए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

## महाकुंभ भगदड़ पर राहुल गांधी बोले- 'दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और वीआईपी मूवमेंट जिम्मेदार'

नई दिल्ली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में बुधवार को मची भगदड़ पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने घटना पर दुख जताया और वीआईपी मूवमेंट को लेकर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के कारण कई लोगों की मौत और कइयों के घायल होने की खबर अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं।

उन्होंने महाकुंभ मेला क्षेत्र में व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, इस दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और आम श्रद्धालुओं की जगह वीआईपी मूवमेंट पर प्रशासन का विशेष ध्यान होना जिम्मेदार है। अभी महाकुंभ का काफी समय बचा हुआ है, कई और महास्नान होने हैं। आज जैसी दुखद घटना आगे न हो, इसके लिए सरकार को व्यवस्था में सुधार करना चाहिए। वीआईपी कल्चर पर लगाम लगनी चाहिए और सरकार को आम श्रद्धालुओं की जरूरतों की पूर्ति के लिए बेहतर इंतजाम करने चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से अनुरोध करता हूं कि पीड़ित परिवारों की मदद करें।

# बेहद दुखद घटना', महाकुंभ भगदड़ पर बोले विपक्षी दल

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बुधवार को महाकुंभ मेला क्षेत्र में मची भगदड़ पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दुख जताया है। अखिलेश यादव ने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा कि महाकुंभ में अव्यवस्थाजन्य हादसे में श्रद्धालुओं के हताहत होने का समाचार बेहद दुखद है। ! इसके साथ ही उन्होंने सरकार से भी अपील की। उन्होंने कहा, गंभीर रूप से घायलों को एअर एंबुलेंस की मदद से निकटतम सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों तक पहुंचाकर तुरंत चिकित्सा व्यवस्था की जाए। उन्होंने आगे कहा, जो लोग बिछड़ गए हैं, उन्हें मिलाने के लिए त्वरित प्रयास किए जाएं। हैलीकॉप्टर का सदुपयोग करते हुए निगरानी बढ़ाई जाए। सतयुग से चली आ रही 'शाही स्नान' की अखंड-अमृत परंपरा को निरंतर रखते हुए, राहत कार्यों के समानांतर सुरक्षित प्रबंधन के बीच 'मौनी अमावस्या के शाही स्नान' को संपन्न कराने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा, श्रद्धालुओं से भी हमारी अपील है कि वे इस कठिन समय में संयम और धैर्य से काम लें और शांतिपूर्वक अपनी तीर्थयात्रा संपन्न करें। सरकार आज की घटना से सबक लेते हुए श्रद्धालुओं के रुकने, ठहरने, भोजन-पानी व अन्य सुविधाओं के लिए अतिरिक्त प्रबंध करे। हादसे में आहत हुए सभी लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना। वहीं, बहुजन समाज पार्टी के प्रमुख मायावती ने प्रयागराज में मची भगदड़ को लेकर दुख जताया। उन्होंने कहा, प्रयागराज की संगम स्थली पर, महाकुंभ में हुई भगदड़, यह अति दुखद और चिंतनीय है।

## हरियाणा से दिल्ली को हो रही 1049 क्यूसेक पानी की सतत आपूर्ति : मुख्यमंत्री नायब सिंह

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा जहरीले पानी का बयान आम आदमी पार्टी द्वारा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करने और अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बनाया गया एक राजनीतिक हथकंडा है। हमने इस मामले की शिकायत चुनाव आयोग से की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करना एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसे हरियाणा बिना किसी कमी के पूरा कर रहा है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार की विफलता की पोल खोलते हुए कहा कि साल 2021 में, दिल्ली ने एक याचिका दायर की, जिसमें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने जवाब दिया। इस जवाब में बताया गया कि वजीराबाद तालाब में अमोनिया नाइट्रोजन की समस्या है। साथ ही यह भी बताया गया कि आगरा में एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट है, जो 24 एमजी/एल तक अमोनिया वाले पानी को साफ कर सकता है।



लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली में एनडीएमसी कर्मचारियों से बातचीत की.



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दिवंगत राधा के परिवार से मुलाकात की, जिनकी पंचराकोली के मनंतावडी एलएसी पर बाघ के हमले में जान चली गई थी।

# नाजायज औलाद हूं... बाप से गुजारा भत्ता चाहिए मीलॉर्ड; सुप्रीमकोर्ट ने क्या सुनाया फैसला

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने दो दशक पुरानी एक मामले में अहम फैसला सुनाया है। इस मामले में 23 साल युवक ने दावा किया कि उसकी पैदाइश मां के विवाहेतर संबंध का नतीजा है। उसने अदालात से अपने असली पिता की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट की मांग की थी। युवक ने कहा कि वह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहा है और कई सर्जरी करा चुका है। आर्थिक मदद के लिए उसने अपने जैविक पिता से गुजारा भत्ते की मांग की थी। हालांकि, युवक की याचिका को सुप्रिम कोर्ट ने खारिज कर जिया।

रिपोर्ट के मुताबिक, युवक की मां ने 1989 में शादी की थी और 1991 में एक बेटी को जन्म दिया। युवक का जन्म 2001 में हुआ और 2003 में मां ने अपने पति से अलग होने का फैसला लिया। 2006 में उन्हें तलाक मिला। इसके बाद, महिला ने कोच्चि म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन से अपने बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में पिता का नाम बदलने की मांग की, लेकिन अधिकारियों ने अदालत का आदेश मांगा। 2007 में एक स्थानीय अदालत ने कथित जैविक पिता को डीएनए टेस्ट कराने का निर्देश दिया। लेकिन उन्होंने हाई कोर्ट में इसे चुनौती दी। 2008 में हाई कोर्ट ने आदेश को पलटते हुए कहा कि डीएनए टेस्ट तभी किया जा सकता है जब यह साबित हो कि बच्चे के जन्म के वक्त पति-पत्नी के बीच कोई संपर्क नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की धारा 112 के तहत वैध विवाह के दौरान या विवाह समाप्त होने के 280 दिन के भीतर जन्मा बच्चा पति का वैध संतान माना जाता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि भले ही युवक की मां का विवाहेतर संबंध रहा हो, लेकिन यह साबित नहीं होता कि पति-पत्नी के बीच संपर्क नहीं था। कोर्ट ने कहा कि 'समानांतर संपर्क' यह साबित नहीं करता कि पति-पत्नी का संपर्क टूट गया था।

अदालत ने कहा कि डीएनए टेस्ट कराना किसी व्यक्ति की निजता का उल्लंघन कर सकता है और उसकी सामाजिक और पेशेवर प्रतिष्ठा पर गहरा असर डाल सकता है। कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसी स्थिति में महिलाओं की गरिमा और निजता की भी रक्षा की जानी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि इस मामले को अब समाप्त किया जाना चाहिए। युवक के जैविक पिता होने के दावे को खारिज कर दिया गया और उसे अपनी मां के पूर्व पति का वैध पुत्र माना गया।




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी गोरखपुर नितिन कमल ने बताया किं पैदल भ्रमण व संदिग्धों की चैकिंग के दौरान एमजीएम स्कूल के पीछे एक लड़का अपने हाथ में थैले लिये हुये खड़ा था जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसने नाम पता पूछने पर प्रिंस उर्फप्रियांशु सोनकर उम्र 29 वर्ष निवासी कुम्हार मोहल्ला पुरानी कलारी के सामने गोरखपुर बताया, जो हाथ में लिये हुये थैले की तलाशी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा मिला,

### ग्रामीण जिला अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में किया पदभार ग्रहण

# विचारधारा को अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचाना हो लक्ष्य





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। भारतीय जनता पार्टी जबलपुर ग्रामीण के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल ने जनप्रतिनिधियो एवं पार्टी के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में संभागीय कार्यालय रानीताल में पदभार ग्रहण किया। पार्टी कार्यालय में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक अजय विश्नोई, सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिप अध्यक्ष आशा गोंटिया विनोद गोंटियां, नंदनी मरावी ने नवनियुक्त ग्रामीण जिला अध्यक्ष को पदभार ग्रहण कराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल होने के साथ साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था से चलने वाला संगठन है और कार्यकर्ता ही हमारी पूंजी है और संगठन ने एक योग्य और जिम्मेदार कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष का दायित्व दिया है और हम सभी को विश्वास है कि नवनियुक्त अध्यक्ष अपने कार्य को संगठन की मंशा के अनुरूप बेहतर तरीके से करेंगे और हमारे संगठन की विचारधारा को अधिक से अधिक लोगो तक पहुंचाना प्रमुख लक्ष्य है इस दिशा में सभी के साथ कार्य करेंगे। नवनियुक्त ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल ने इस अवसर पर कहा संगठन ने मेरे जैसे कार्यकर्ता यह दायित्व दिया है और सभी वरिष्ठ जनों ने जो अपेक्षा मुझसे की है इस पर पूरे प्रण प्राण से पूरा करने का प्रयास करूंगा साथ ही सभी को साथ लेकर हर बूथ तक पार्टी को मजबूत करने का कार्य हम करेंगे। श्री पटेल ने जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी के लिए संगठन और वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रानू तिवारी, पूर्व विधायक नरेंद्र त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, महामंत्री राजेश राय, राजेश दाहिया के साथ भाजपा के सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

## पावर मैनेजमेंट कंपनी में साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजिटल अरेस्ट और डीपफेक से बचने के गुर सीखे विद्युत कार्मिकों ने

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा लगभग अपने लगभग 300 अभियंताओं व कार्मिकों को साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम छह सत्रों में आयोजित किया गया जिसमें जबलपुर व भोपाल में कार्यरत कार्मिकों ने ऑफलाइन व ऑनलाइन शामिल हो कर साइबर सुरक्षा के बारे में गहनता से जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट के बारे में और इससे बचाव के बारे में कार्मिकों को महत्वपूर्ण तथ्यों से अगवत कराया गया। न्यू कॉलर या अज्ञात नंबरों से बचने के बारे में उपाय बताए गए।

डिजिटल अरेस्ट और डीपफेक के बारे में शिक्षित करना-मुख्य महाप्रबंधक सूचना प्रौद्योगिकी एफके मेश्राम ने जानकारी दी? कि डिजिटल अरेस्ट व डीपफेक के महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्मिकों के लिए इस जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्मिकों को डिजिटल अरेस्ट व डीपफेक के बारे में शिक्षित करना और उनसे बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करना है।

90 दिन में बदलें ईमेल का पासवर्ड- साइबर सुरक्षा प्रश?िक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों के द्वारा संचालित सत्रों में कार्मिकों को साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में ज्ञानार्जन करने का मौका मिला। कार्मिकों को सलाह दी गई कि वे अपने ईमेल का पासवर्ड प्रत्येक 90 दिन में बदलते रहें।

डीपफेक से बचें-प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्मिकों को जानकारी दी गई कि डीपफेक एक प्रकार का कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ड्ड) है जिसका उपयोग विश्वसनीय फर्जी चित्र, ध्वनियाँ और वीडियो बनाने के लिए किया जा सकता है। डीपफेक शब्द डीप लर्निंग अवधारणा को किसी नकली चीज़ के साथ जोड़ता है। डीपफेक फर्जी छवियों और ध्वनियों को संकलित करता है और उन्हें मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का उपयोग करके एक साथ जोड़ता है। नतीजतन, यह ऐसे लोगों और घटनाओं का निर्माण करता है जो अस्तित्व में नहीं हैं या वास्तव में घटित नहीं हुए हैं।

यह प्रश?िक्षण कार्यक्रम कार्मि?कों को सुरक्षित रहने के लिए जरूरी जानकारी प्रदान करेगा ताकि सभी साइबर खतरों के खिलाफ सक्षम हो पाएं। प्रश?िक्षण कार्यक्रम के दौरान डिजिटल अरेस्ट व डीपफेक के मुद्दों पर संवाद कर व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए सबसे अच्छे अभ्यासों से अवगत करवाया गया। इस प्रश?िक्षण कार्यक्रम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्मिक डिजिटल अरेस्ट व डीफेक के मामलों में समर्थ बनें और डिजिटल जगत में सुरक्षित रहें।

## कौम के साथ ही देश की भलाई के लिए काम करे अंसारी समाज-मुफ़्ती ए आज़म



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। अंसारी समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारी को सलाह है कि वह ना सिर्फ बिरादरी या कौम बल्कि देश की भलाई के लिए भी काम कर मिसाल बने. उक्ताशय के उदगार मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डाक्टर मुहम्मद मुशाहिद रज़ा कादरी ने व्यक्त किए. मौका था अंसारी समाज के सरदार सूफ़ी हाजी अब्दुल हकीम बाबा की सरपरस्ती में आयोजित किए गए इस्तकबालिया जलसे का. जलसे को जबलपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष, हाजी मुहम्मद कदीर सोनी, भूरे पहलवान, सरदार हामिद हसन, समाजसेवी हाजी मकबूल अहमद रज़्वी, सरदार अयाज़ राईन, सरदार आमीन कुरैशी, सरदार हसन शाह, सरदार मेहमूद अहमद, सरदार हाजी मुईन खान, सरदार जमील अहमद अंसारी सहित कई वक्ताओं ने ख़िताब किया. इस दौरान मुफ्ती ए आज़म के साथ ही कचेहरी दरगाह के ख़ादिम चंगेज़ खान अशरफ़ी ने सरदार अब्दुल हकीम बाबा की दस्तारबंदी व गुलपोशी की. जलसे में अंसारी समाज के 34 सरदारों के साथ ही पार्षद सर्वश्री अख्तर अंसारी, याकूब अहमद अंसारी, शफीक हीरा, गुलाम हुसैन, बाबू वाहिद, इश्तियाक अंसारी, अन्नू अनवर, शमीम अंसारी गुडड्डू, ताहिर खान, गोपाल घनघौरिया, पत्रकार तालिब हुसैन, मुहम्मद मुज़म्मिल हुसैन, मुहम्मद अनस आलम आदि की मौजूदगी उल्लेखनीय रही. जलसे का संचालन शकील अंसारी और आभार प्रदर्शन समीर मोबाइल ने किया.

### नर्मदापुरम स्टेशन पर वन्दे भारत ट्रेन का प्रायोगिक हाल्ट प्रारम्भ

जबलपुर। रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली इंदौर-नागपुर-इंदौर वन्दे भारत ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के नर्मदापुरम स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में अगले आदेश तक के लिए ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जिनकी विस्तृत जानकारी इस प्रकार है। प्रभावी तिथियों से नर्मदापुरम स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय-सारणी निम्नानुसार- गाड़ी संख्या 20911 इंदौर-नागपुर वन्दे भारत ट्रेन का दिनाँक 31 जनवरी 2025 से आगमन/प्रस्थान समय सुबह 10ः22/10ः23 बजे रहेगा। गाड़ी संख्या 20912 नागपुर-इंदौर वन्दे भारत ट्रेन का दिनाँक 30 जनवरी 2025 से आगमन/प्रस्थान समय रात 19ः22/19ः23 बजे रहेगा। यात्री प्रायोगिक ठहराव की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस/रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन से भी प्राप्त कर सकते है।

### प्लास्टिक, ई-कचरा, और ऑर्गेनिक वेस्ट के लिए अलग-अलग पुनर्चक्रण सुविधाएँ होंगी विकसित - निगमायुक्त

## सिटीज 2.0 के क्रियान्वयन से शहर का कचरा प्रबंधन होगा बेहतर - निगमायुक्त प्रीति यादव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा फ्रंच डेवल्पमेंट एजेंसी, यूरोपियन एवं भारत सरकार की अधिकृत एजेंसी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयस् के साथ मिलकर सिटीज 2.0 प्रतियोगिता के अंतर्गत जबलपुर शहर का चयन हुआ था। इसके आगे की तैयारी के लिए निगमायुक्त प्रीति यादव के द्वारा लगातार मंथन किया जा रहा है, जिसके तहत् आज स्वच्छता एवं स्मार्ट सिटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सिटीज 2.0 की तैयारियों एवं क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि सिटीज 2.0 के क्रियान्वयन से शहर का कचरा प्रबंधन एक ओर बेहतर होगा वहीं दूसरी ओर प्लास्टिक, ई-कचरा, और ऑर्गेनिक वेस्ट के लिए अलग-अलग पुर्नचक्रण सुविधाएँ विकसित होंगी।

निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि योजना के क्रियान्वयन के बाद जैविक कचरे से वायो सी.एन.जी. गैस एवं खाद भी तैयार होगी जिससे भविष्य में सी.एन.जी. वाहनों को ग्रीन ईंधन प्राप्त होगा। इससे शहर का प्रदूषण को भी कम करने में काफी मदद् मिलेगी।

उन्होंने बताया कि उक्त परियोजना के अंतर्गत शहर के एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन (इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट) कार्य को सुदृढ करने कार्य किया जाएगा। जिसमें कचरा कलेक्शन से उसके डिस्पोजल सायकल में आने वाली कमियों को चिन्हित कर उन्हे दूर करने की कार्ययोजना भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है।

परियोजना से शहर के नागरिकों को स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था की सेवाओं को लाभ मिलेगा, कचरा संग्रहण के वाहनों की संख्या के बढने से प्रतिदिन घर-घर कचरा संग्रहण बेहतर होगा। इसके साथ नगर निगम को कचरा कलेक्शन के उपरांत उसके निपटान के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध होंगें जिससे कचरा प्रबंधन में समय की बचत के साथ खर्चे में कमी आएगी। नगर निगम के लिए शहर की सफाई व्यवस्था की निगरानी तंत्र को मजबूत किया जाएगा। समीक्षा बैठक में स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. अनुराग सिंह, अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक यंत्री अर्पित नेमा, तकनीकि अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला, अंकुर खरे, गजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मंगल कलश यात्रा के साथ पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ

## अपना सुधार ही संसार की सर्वश्रेष्ठ सेवा है- श्रीमती कविता तिवारी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मनुष्य में देवत्व के उदय एवं धरती पर स्वर्ग के अवतरण की अवश्यंभावी परिकल्पना पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा की गई और उनके द्वारा दिए गए सूत्र वाक्य हम सुधरेंगे-सुधरेगा, हम बदलेंगे- युग बदलेगा को घर-घर , गांव-गांव पहुंचाने के लिए गायत्री परिवार लगातार कार्य कर रहा है। वरिष्ठ गायत्री परिजन स्वर्गीय डुमारी लाल जी पटेल की स्मृति में ग्राम कुडारी- उमरिया में त्रिदिवसीय पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कराया जा रहा है। पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ, जिसके प्रथम दिवस देव स्थापना कलश पूजन एवं सभी 33 करोड़ देवी देवताओं के आवाह्न के साथ गायत्री महायज्ञ प्रारंभ किया गया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन श्री रामकुमार गौतम जी के निर्देशन में कलश यात्रा निकाली गई ! श्रीमती मधु नामदेव, श्रीमती कविता तिवारी, श्रीमती ममता चौरे, श्रीमती दीप्ति मिश्रा ने कलश पूजन कराया ! श्री अम्बिका प्रसाद सेन, अश्विनी गौतम, अरुण पांडे, रामजीत कुशवाहा, अतुल सेन, श्रीमती प्रभा खम्परिया, श्रीमती ज्योति त्रिपाठी, ,श्री बी. एस. राजपूत, श्रीमती विमला राजपूत ने व्यवस्थात्मक सहयोग प्रदान किया । ग्रामवासियों ने नित्य गायत्री महामंत्र करने एवं शाकाहारी वस्तुओं के सेवन करने का संकल्प लिया।



## माँ बगलामुखी 25वां पाटोत्सव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। सभी भक्तों को सूचित किया जाता है कि माघ शुक्ल द्वितीया दिनांक 31 जनवरी 2025 दिन शुक्रवार को, श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर, स्थित अनन्त श्रीविभूषित पूज्यपाद् ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारकाशारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज श्री द्वारा स्थापित भगवती पीतांबरा माँ बगलामुखी माता जी का भव्य-दिव्य पाटोत्सव ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद जी महाराज के परम सानिध्य में मनाया जा रहा है । ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद महाराज श्री ने बताया कि माता बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं। इन्हें माता पीताम्बरा भी कहते हैं। सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी तरंग है वो इन्हीं की वजह से है। ये भोग और मोक्ष दोनों प्रदान कराने वाली देवी है भगवती बगलामुखी माता भक्तों का कल्याण करतीं हैं और शत्रुओं से उनकी रक्षा करतीं हैं। भगवती पीतांबरा माँ बगलामुखी माता जी का भव्य-दिव्य पाटोत्सव के क्रम में प्रातःकाल मंगल आरती के बाद सर्वप्रथम माँ भगवती का श्रृंगार, पूजन एवं कमल के पुष्पों से भगवती का सहस्त्रार्चन किया जाएगा। तत्पश्चात् मध्यान्ह 12ः00 बजें भगवती की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उसके उपरान्त माँ पीतांबरा का महाप्रसाद( भण्डारा) वितरित किया जाएगा। रात्रि में माँ भगवती पीतांबरा बगलामुखी माता जी के सहस्त्र नामों से लड्डुओं एवं द्राक्षा से सहस्त्रार्चन,विशेष पूजन एवं पंच-महाआरती रात्रि 8ः00 बजे की जाएगी। सभी भक्त उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करें । अपने इस बहुमूल्य मानव जीवन को कृतार्थ करें ! समस्त भक्तों से उपस्थित की अपील की है।

## सांसदगणों द्वारा नर्मदापुरम स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के प्रायोगिक ठहराव का किया शुभारंभ

भोपाल मंडल के नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर आज 30 जनवरी 2025 (गुरुवार) को माननीय सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी एवं माननीया सांसद (राज्यसभा) श्रीमती माया नारोलिया ने गाड़ी संख्या 20912/20911 नागपुर-इंदौर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस के प्रायोगिक ठहराव का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में माननीय सांसदगणों ने नर्मदापुरम स्टेशन पर गाड़ी संख्या 20912 नागपुर-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस के आगमन पर हरी झंडी दिखाकर इस बहुप्रतीक्षित ठहराव की शुरुआत की। इस अवसर पर अपने संबोधन में माननीय सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि नर्मदापुरम स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव से स्थानीय यात्रियों को सुगम रेल यात्रा की सुविधा मिलेगी। उन्होंने इस ठहराव को नर्मदापुरम और आसपास के क्षेत्रों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। माननीया सांसद (राज्यसभा) श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि यह ठहराव यात्रियों की मांग को पूरा करता है, जिससे आम यात्रियों, विद्यार्थियों, व्यवसायियों और पर्यटकों को विशेष लाभ मिलेगा। इस अवसर पर माननीय सांसद नर्मदापुरम श्री दर्शन सिंह चौधरी एवं माननीया सांसद (राज्यसभा) श्रीमती माया नारोलिया , माननीय



विधायक नर्मदापुरम श्री सीतासरन शर्मा,माननीय अध्यक्ष नगर पालिका श्रीमती नीतू महेंद्र यादव एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति, मीडिया प्रतिनिधि तथा रेल प्रशासन की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर , वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया,वरि. मण्डल अभियंता(मध्य) श्री कृष्ण कुमार निगम तथा अन्य रेलवे अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह प्रायोगिक ठहराव घोषित किया गया है। इस ठहराव के तहत गाड़ी संख्या 20911 इंदौर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस नर्मदापुरम स्टेशन पर सुबह 10ः22 बजे पहुंचेगी और 10ः23 बजे प्रस्थान करेगी।

### दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को दी गई विनम्र श्रद्धांजलि

## शहीद दिवस के रूप में मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि



**सभी अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में नगर निगम परिसर में किया गया शहीदों को नमन**

जबलपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को आज शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। नगर निगम परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विभिन्न विभागों के प्रमुखों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर बापू एवं शहीदों को नमन किया। शहीदों के बलिदान का स्मरण करते हुए कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान एवं शहीदों की शहादत से ही हमारा देश आजाद हुआ और आज हमारे देश की गिनती विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में दुनिया भर में होती है। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे।



## अखण्ड भ्रष्टाचार और लूट का शिकार हो रही है जनता मध्यप्रदेश में निजी स्कूलों का अवैध रूप से फीस वसूलने का 3 लाख 20 हजार करोड़ का सबसे बड़ा घोटाला



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने आज ग्वालियर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान मध्यप्रदेश और देश में चल रहे अखण्ड भ्रष्टाचार और लूट पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने जनता की सेवा का दावा करते हुए सत्ता हासिल की, लेकिन आज यह पार्टी जनता को हर मोड़ पर लूटने में लगी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में फर्जी नर्सिंग कॉलेजों के माध्यम से गरीब परिवारों से लाखों रुपये लूटे गए हैं, जिसके कारण 1 लाख से अधिक बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया। इसके अलावा, प्राइवेट स्कूलों में भी अवैध रूप से फीस वसूली की जा रही है, जो अभिभावकों के साथ घोर अन्याय है। आज देश प्रदेश में अखंड लूट की सरकारें चल रही है। देश और मध्यप्रदेश में जनता की सेवा के नाम पर और कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर सरकार में आई भारतीय जनता पार्टी जनता से अखंड लूट कर रही है। मध्यप्रदेश में फर्जी नर्सिंग कॉलेज के माध्यम से गरीब मां बाप को लूटा गया और 1 लाख से अधिक बच्चों का भविष्य अंधकारमय कर दिया। मध्यप्रदेश में प्रायवेट स्कूल लूटके अड्?डेबन गये जहाँ मोटी-मोटी फीस लेकर शिक्षा देने की बात की जा रही है वह शिक्षा मंदिर न होकर लुटेरों का अड्डा हो गया है। सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त 45 हजार और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त 2800 स्कूल है। इस प्रकार कुल 47800 स्कूल में प्रति छात्र 10 लाख रूपये से अवैध फीस वसूली गई है। यह अभिभावकों के साथ की गई लूट है। इसमें प्रति स्कूल 500 छात्रों के औसत से 23 करोड़ 9 लाख छात्र होते हैं। 23 खरब 900 अरब रूपये की लूट मध्यप्रदेश के राजनेताओं अधिकारियों और स्कूलों के संचालकों एवं कॉपी किताब विक्रेताओं ने मध्यप्रदेश में की है जो इस देश का सबसे बड़े अखण्ड भ्रष्टाचार का उदाहरण है। मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 का पालन मध्यप्रदेश निजी स्कूलों के संचालकों ने न करके यह किया है। मध्यप्रदेश के शिक्षा माफियाओं के द्वारा 3 लाख 20 हजार करोड़ का निजी स्कूलों द्वारा अवैध फीस वसूली का घोटाला किया गया। डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश के निजी अस्पतालों में इलाज की लागत इतनी बढ़ गई है कि आम आदमी इन अस्पतालों में इलाज कराने में सक्षम नहीं है। प्रदेश के कई अस्पतालों में भवन निर्माण नियमों का उल्लंघन किया गया है, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में बेरोजगारी की स्थिति भयावह है, जहां 40 करोड़ से अधिक युवा बेरोजगार हैं। इसके बावजूद भारतीय जनता पार्टी के पास रोजगार सृजन के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। आयुष्मान कार्ड की सूची में 196 सामान्य बीमारियों को हटाने पर भी डॉ. तिवारी ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह गरीबों के साथ भेदभाव और अन्याय है, क्योंकि इन बीमारियों का इलाज सरकारी अस्पतालों में नहीं हो पाता और निजी अस्पतालों में यह बीमारियां आयुष्मान कार्ड में शामिल नहीं हैं। आगे उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में परिवारवाद और समाजवाद की अनदेखी करते हुए, इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी ने एक नई विचारधारा की शुरुआत की है। पार्टी का उद्देश्य राजनीति में हर वर्ग के लोगों का प्रवेश सुनिश्चित करना है, ताकि समाज के हर व्यक्ति को अपनी क्षमता और विचारधारा के अनुसार देश के विकास में योगदान देने का अवसर मिले। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी अब मध्यप्रदेश के प्रत्येक गांव में प्रमुख पदों पर नियुक्तियाँ कर रही है। पार्टी का लक्ष्य 2028 में राज्य में नई सरकार बनाना और भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सशक्त आंदोलन शुरू करना है। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी मध्यप्रदेश के प्रत्येक गांव में 11 लोगों की गांव प्रमुख, वार्ड प्रमुख, प्रखण्ड प्रमुख, ब्लॉक प्रमुख, ग्राम पंचायत प्रमुख की नियुक्तियां कर रही है। 54903 गांव मध्यप्रदेश में हैं हम उनमें 6 लाख 3 हजार 9 सौ 33 पदाधिकारियों को मनोनयन कर रहे हैं। 476 शहर प्रमुख 264 नगर पंचायतों में नगर प्रमुख एवं 17 नगर निगमों में महानगर प्रमुख व 230 विधानसभा क्षेत्रों विधानसभा प्रमुख व विधानसभा मीडिया प्रमुख मनोनीत किये जा रहे हैं। इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी अखण्ड भ्रष्टाचार की लूट को समाप्त कर मध्यप्रदेश में नये चेहरों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी और 2028 में नया मध्यप्रदेश नया प्रतिनिधी और नई सरकार के साथ इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी मध्यप्रदेश अपनी सरकार बनायेगी और जनता लूट और भ्रष्टाचार की बेड़ियों को तोड़कर अपने आप को स्वतंत्र करेगी। भारत सरकार द्वारा जनगणना को लेकर उपेक्षा करने पर भी डॉ. तिवारी ने चिंता व्यक्त की और इसे देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गढ़ा में रात्रि शिवेन्द्र शुक्ला उम्र 26 वर्ष निवासी गंगासागर पुरानी चुंगी खेरमाई मंदिर के पास गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आल टू आल मोबाइल दुकान जयंती काम्पलेक्श मे काम करता है दिनांक 26-1-25 को रात लगभग 10 बजे वह जयंती काम्पलेक्श से अपने घर गंगासागर अपनी स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस व्ही 7403 से आ रहा था जैसे ही पीली बिल्डिंग के पास पहुॅचा कि मोहल्ले का लखन खत्री एवं आयुष सिंगरहा मिले जो उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया

# लार्डगंज थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध और पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ नागरिकों ने सौंपा ज्ञापन






**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** लार्डगंज थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध,अवैध नशे के कारोबार और पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ आज नागरिकों ने एनएसयूआई की राष्ट्रीय सचिव देवकी पटेल के नेतृत्व में थाने का घेराव कर पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। नागरिकों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में गांजा और शराब की अवैध बिक्री खुलेआम हो रही है, जिससे असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ रहा है। देवकी पटेल ने कहा कि इस अवैध कारोबार के कारण महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है और युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ रही है। पुलिस प्रशासन अपराधियों पर कार्रवाई करने की बजाय मूकदर्शक बना हुआ है और कुछ पुलिसकर्मियों पर अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं जिससे उनके हौसले बुलंद है।

उन्होंने मांग कि लार्डगंज थाना क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार पर तुरंत रोक लगाई जाए महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए और उनके विरुद्ध बढ़ते अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जाए एवं अपराधियों को संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मियों पर कड़ी विभागीय कार्रवाई की कर विपक्षी दलों और निर्दोष नागरिकों पर दर्ज फर्जी मुकदमों को तत्काल वापस लिया जाए। संगठन पदाधिकारीयों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो नागरिक लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द कठोर कदम उठाने की अपील की, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल हो सके और आम नागरिकों को न्याय मिल सके। प्रदर्शन में मुख्य रूप से विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना,नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा,मोना कौरव,विवेक अवस्थी,नीलेश जैन,पंकज पांडे,राजेश यादव,रज्जु सराफ,रितेश बंटी, पंकज पटेल,इन्दजीत कुशवाहा, विवेक पटेल,प्रदीप पटेल, रिजवान अली कोटी,सागर शुक्ला,पंकज पटेल रविंद्र गौतम,भावना निगम, पूनम उसरेटे,देवेन्द्र शर्मा, गुड्डु चौबे, अखिलेश सेठ, राजेश पटेल,रवि सोनकर,सुरेन्द्र यादव,विनय सोधिया,रोशनी,शानू ,आरती, रेखा,प्रवेन्द चौहान,रेतेश नामतानी,अशोक चौधरी, प्रतीक गोतम ,सक्षम यादव,शफी खान सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## कैंट और कोतवाली में हुई वारदात का साढ़े 11 लाख का माल बरामद, नहीं मिले आरोपी

# पुलिस वाला बनकर महिलाओं से ठगी करने वाले गिरोह महाराष्ट्र का निकला





**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर में पुलिस अधिकारी बनकर महिलाओं के साथ ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों के ठिकाने नांदूरा महाराष्ट्र पुलिस की टीम पहुंच गई. जहां से पुलिस ने जबलपुर में दो महिलाओं से ठगे 11 लाख 50 हजार रुपए के जेवर बरामद किए है. पुलिस अब आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है. ठग गिरोह के दोनों सदस्य पुलिस अधिकारी बनकर महिलाओं को अपना निशाना बनाते रहे. इस आशय की जानकारी एएसपी क्राइम प्रदीप शेंडे ने कंट्रोल रुम में आयोजित पत्रवार्ता में दी है.

एएसपी क्राइम श्री शेंडे ने आगे बताया कि अमजद अली उर्फ सुल्तान व चिन्ना उर्फ मोहम्मद अली पुलिस बनकर महिलाओं को रोकते, इसके बाद लूट, चोरी की घटना होने का डर दिखाकर जेवर उतरवा लेते. जैसे ही महिलाएं जेवर उतारती तो उनकी मदद करते हुए जेवर पार कर लेते थे. दोनों ठगों ने जबलपुर के केंट व कोतवाली क्षेत्र में दो महिलाओं को ठगी का शिकार बनाया. दो घटनाओं के बाद पुलिस अधिकारियों ने टीम बनाकर आरोपियों की तलाश शुरु कराई. इस दौरान पुलिस को खबर मिली कि संदेही सिवनी की ओर भागे है, जिसपर पुलिस की टीम सिवनी पहुंच गई. यहां पर खबर मिली कि दोनों ठग नांदूरा भुसावल में है. जिसपर पुलिस नांदूरा पहुंच गई. पुलिस ने अमजद के ठिकाने पर दबिश दी. अमजद के पिता मनहर अली ईरानी मिले. फोटो दिखाने पर उन्होने अपना बेटा होना बताया. इसके बाद पुलिस ने डेरे के आसपास तलाशी ली तो एक नीम के पेड़ के नीचे पालीथिन में रखी सोने की 4 चूड़ी, 2 कंगन, 1 मंगलसूत्र, 1 चेन, 2 अंगूठी रखी हुई. उक्त जेवर जबलपुर में थाना कोतवाली एवं कैंट में 2 महिलाओ से पुलिस वाला बनकर जेवर उतरवाकर ठगे थे. पुलिस ने विधिवत कार्यवाही कर तौल करने पर साढ़े चौदह तोले सोने के जेवरात कीमती साढ़े ग्यारह लाख रुपए के जेवर बरामद कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है. इन्हे पकडने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है.

**जेवर बरामद करने में इनकी रही सराहनीय भूमिका**

ठग गिरोह के ठिकाने से जेवर बरामद करने में अपराध थानाप्रभारी शैलेष मिश्रा थाना प्रभारी कोतवाली विपिन ताम्रकार, थाना प्रभारी कैंट पुष्पेन्द्र पटले, क्राईम ब्रांच के एएसआई प्रशांत सोलंकी, धनंजय सिंह, अशोक मिश्रा, थाना कैंट के एसआई सीपी तिवारी, आरक्षक शुभम सिंह, महिला आरक्षक रेणुका मिंज, कोतवाली के एसआई अशोक दुबे, सीसीटीवी प्रभारी एसआई (रेडियो) हर प्रसाद यादव, साइबर सेल के अमित पटेल की सराहनीय भूमिका रही.

**घटना क्रमांक 01-** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 18 जनवरी को एपीआर कालोनी कंटगा निवासी विनय कुमारी टाटिया उम्र 79 वर्ष घर के सामने घूम रही थी, इस दौरान दो व्यक्तियों ने स्वयं को पुलिस अधिकारी बनकर कहा कि मैं पुलिस का आदमी हूं, आपकी सुरक्षा के लिए निकला हूं. आप अपने जेवर उतारकर कर रख ले. जब वृद्धा ने सोने की चार चूडिय़ा, एक मंगलसूत्र उतारकर हाथ में रखा तभी उनके हाथ से जेवर लेकर नकली जेवर दे दिए थे.

**घटना क्रमांक 02-** इसी दिन महिला ज्योति जैन उम्र 57 वर्ष निवासी ग्राम देवरी जिला सागर वर्तमान पता संध्या ट्रेडर्स अपने मायके जबलपुर आई थी. वे सुबह 8.30 बजे अपनी बहन लता जैन के साथ अशोक जैन नरघैया के घर से लार्डगंज जैन मंदिर के लिए रवाना हुई. जब वे विजय कटपीस से आगे बढ़ रही थी इस दौरान तीन व्यक्ति आए और पुलिस अधिकारी बनकर कहा कि आपको नही मालूम है कि दो दिन से घटनाएं हो रही है जो जेवर पहनी हो उतार लो, ज्योति जैन ने अपने जेवर उतारे तभी सहयोग करने का कहकर जेवर पार कर दिए. इसके बाद जब ज्योति जैन ने पर्स खोला तो देखा कि सोने की चूड़ी, अंगूठी, चैन नहीं थी, बल्कि चार चूड़ी नकली मिली. तीनों ने ठगी करते हुए सोने की चैन, सोने की अंगूठी, 2 नग कंगन पार कर दिए. -अमजद उर्फ सुल्तान उर्फ गब्बर अली उर्फ भीरू ईरानी पिता मनहर अली ईरानी उम्र 45 वर्ष निवासी अनवर कालोनी वार्ड नम्बर 1 रेल्वे स्टेशन के के पीछे थाना नांदूर महारार्ष्ट्र

## कुंभ से आ रहीं तीन महिलाओं सहित ड्राइवर घायल

# जबलपुर बायपास पर कार को ऑयल टैंकर ने मारी टक्कर



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** हैदराबाद से प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने के बाद वापस अपने घर लौट रहीं तीन महिलाओं की कार कुठला थाना क्षेत्र के जबलपुर बायपास में ऑयल टैंकर से टकरा गई। दुर्घटना में कार में सवार तीन महिलाओं सहित चालक को गंभीर चोट आई, जिनको पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार हैदराबाद निवासी प्रवीणा पति रमेश बाबू 44 साल, शारदा पति घंगी रेड्डी 58 साल और नागारानी पति केपी रेड्डी कार से हैदराबाद से प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने गई थीं। प्रयागराज से गंगा स्नान के बाद वे वापिस कार से घर लौट रहीं थीं।

कार हैदराबाद निवासी मो. आरिफ खान चला रहा था। उनकी कार बुधवार की दोपहर 3 बजे जैसे ही कुठला थाना के जबलपुर बायपास में इंद्रानगर पुल के पास पहुंची। रोड पर काम हो रहा था, इसलिए वाहन एक ही रास्ते से आवाजाही हो रही थी। इसी दौरान कार की भिड़ंत सामने से आ रहे एक ऑयल टैंकर से हो गई।

दुर्घटना में चालक सहित तीनों महिलाओं को गंभीर चोट आईं। घटना की जानकारी लगते ही कुठला थाना पुलिस व यातायात पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल महिलाओं को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। चालक आरिफ कार में फंसा था। पुलिस ने जेसीबी की मदद से उसे बाहर निकालते हुए जिला अस्पताल भेजा। घटना के बाद एकांगी मार्ग होने से वाहनों की कतार लग गई। यातायात पुलिस ने कार को किनारे कराते हुए यातायात सामान्य कराया।

## पुरानी बुराई पर हत्या करने की नीयत से फायर करने वाले आरोपियो की तलाश

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** थाना घमापुर में सुबह शुलभ पासी उम्र 35 वर्ष निवासी गोपाल होटल के पास घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पेंटिंग पुताई का काम करता है आज सुबह लगभग 6 बजे टहल कर मोन्टी बाल्मीक एवं रोहित पंडित के साथ गोपाल होटल तरफ से अपने घर जा रहा था जैसे ही संजना बेंड के पास मेन रोड़ पहुॅचा तभी पीछे तरफसे एक्टिवा में तीन लड़के जिसमें शनि स्कूटी चला रहा था बीच में गुल्लू रजक तथा पीछे चिन्ना बैठा था उसे पुरानी बुराई के लेकर गाली गलौज करते हुये साईड से निकलते हुये जान से मारने की नियत से गुल्लू उर्फ रोहित रजक ने हाथ में लिये पिस्टल से उसके उपर गोली चलाई

## डी आर डी ए के विरूद्ध 7 वें वेतनमान की अधिक भुगतान की राशि की वसूली की कार्यवाही पर जबाब तलब

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायधीश डी डी बंसल की एकल पीठ ने जिला पंचायत ( डी आर डी ए ) प्रशासन , शहडोल में चपरासी के पद पर पदस्थ कर्मचारी के विरुद्ध सातवें वेतन मान के लाभ 1.1.2016 से गलत मानते हुए पात्रता 01.04.2018 से मानते हुए आधिक्य भुगतान हेतु वसूली आदेश व अधिक राशि की वसूली याचिकाकर्ता के वेतन से किये जाने को चुनौती देने वाली याचिका में म. प्र. शासन के पंचायत विभाग व जिला पंचायत शहडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से जबाव तलब किया है . उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने याचिका प्रस्तुत करते हुए तथ्य प्रस्तुत किये कि याचिकाकर्ता डी आर डी ए का कर्मचारी है जो जिला पंचायत शहडोल के डी आर डी ए कोष्ठ में पदस्थ है. राज्य शासन ने अपने कर्मचारियों को सातवें वेतन मान का लाभ का लाभ वर्ष 2016 से देने का निर्णय दिया और इसी आदेश के तारतम्य में विधिवत याचिकाकर्ता को भी सातवें वेतनमान का लाभ वर्ष 2016 से दिया गया. किन्तु अचानक 8 वर्षों बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी शहडोल ने मनमाना आदेश पारित कर याचिकाकर्ता को उक्त लाभ की पात्रता वर्ष 2018 से मानते हुए वसूली का आदेश जारी कर दिया जबकि डी आर डी ए के कर्मचारियों को उनकी सेवा शर्तों के अनुसार राज्य शासन के कर्मचारी की भांति सभी सेवा लाभ पाने का हक़ है .

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 457/ 2024/2025 दिनांक 29.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्रीमती प्रमिला बाई रान, पति- श्री रामदयाल रान, 2. श्री रामदयाल रान, पिता- श्री सुखलाल रान** ने खसरा क्रं. 202/2 पिन क्र. 1000498704 का भाग **वार्ड क्र. 16, वार्ड महाराणा प्रताप,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) कुमारी संजीत कौर छाबड़ा, पिता- श्री जगदीश सिंह छाबड़ा, क्षेत्रफल 700 व.फु., भूतल 650 व.फु., प्रथमतल 650 व.फु., द्वितीयतल 250 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-1,गढ़ा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./01/गढ़ा 2024
एम. 456/ 2024/2025 दिनांक 29.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रूकमन श्रीपाल, पति- स्व.श्री भोला श्रीपाल,** ने भवन क्रं. 306 पिन क्र. 1000701635 **वार्ड क्र. 71, वार्ड वीर दुर्गादास राठौर,** के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्ठि अनुसार) श्री भोला श्रीपाल, पिता- रूपलाल श्रीपाल,, भूतल 200 व.फु. कच्चा, **शपथपत्र, सहमति शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -1 गढ़ा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रार्थना पत्र प्रस्तुतकर्ता का नाम कम्प्यूटर रिकार्ड में अंकित कर दिया जायेगा। नामान्तरण होने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-1 गढ़ा
नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर

पत्र क्रं.- 34/ सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 30.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **श्रीमती मुन्नी बाई दुबे, पिता- स्व. श्री कुवर लाल दुबे,** ने शासकीय नजूल भूमि में निर्मित भवन नं. 1885, **वार्ड 62 वार्ड ,** भूतल 625 व.फु. आर.सी.सी. , **संलग्न- शपथपत्र, सहमति पत्र, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, कर भु. रसीद,** प्रपत्रों के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि श्री श्रवण कुमार दुबे, भवन नं 1885,, पिन नं. 1000415038 , सं.नं. 1002449904 की जगह अपना नाम काबिज में दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त काबिज नामांतरण में कोई आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-10 रांझी
नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 362 दिनांक 30.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती मंजुला वर्मा, पति- स्व. श्री कमल कान्त शर्मा** ने मकान नं. फ्लैट नं. 406 , सम्पत्ति पिन नं. 1000608748 **वार्ड विवेकानंद-21 वार्ड ,** चतुर्थतल 1104 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 361 दिनांक 30.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि 1. **श्री केतन वर्मा, पिता- श्री कमल कान्त वर्मा, 2. श्रीमती नित्या सक्सेना, पति- श्री केतन वर्मा,** ने मकान नं. 151/ फ्लैट- 9 , सम्पत्ति पिन नं. 1000604464 **वार्ड विवेकानंद वार्ड ,** द्वितीयतल 969 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/288/ दिनांक 30.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती शनील निश्चल, पति- स्व.श्री सुरेश कुमार** ने भवन क्रंमाक. 1221/3 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ,** भूतल 1820 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 1221/3 **वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री अभय कुमार जैन, पिता श्री सोहन लाल जैन के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/287/ दिनांक 30.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री साजन आहूजा, पिता श्री अनिल आहूजा** ने भवन क्रंमाक. 779 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड ,** प्लाट 800 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक. 779 **वार्ड शहीद गुलाब सिंह वार्ड ,** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री अभय कुमार जैन, पिता श्री सोहन लाल जैन के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-03 रामपुर ( शक्ति भवन रोड ) नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अ./03/2024-25/ एम/286/ दिनांक 30.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती कविता बाथरे, पति- श्री राजेन्द्र बाथरे** ने भवन क्रंमाक. प्लाट नं.- सी-4 **वार्ड शंकरशाह नगर वार्ड ,** प्लाट 1125 व.फु., **खसरा प्रपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रंमाक.प्लाट नं.- सी-4 **वार्ड शंकरशाह नगर वार्ड** पंजीकृत गृहस्वामी कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार- श्री राजेन्द्र कुमार बाथरे, पिता श्री कन्हैया लाल बाथेर के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिस किसी को उक्त प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय **संभाग क्रमांक-03 शक्ति भवन रोड, रामपुर** नगर निगम जबलपुर में प्रमाण दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं-03 रामपुर
नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/271 जबलपुर दिनांक 28.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री राजेश गुप्ता, पिता- श्री वासुदेव गुप्ता, 2. श्रीमती बबली गुप्ता, पति- श्री राजेश गुप्ता** ने मकान नं. यूनिट नं. 20 **वार्ड राजीव गांधी** पिन नं. 1000349319, क्षेत्रफल 1050 व.फु., भूतल 696 व.फु., प्रथमतल 735 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-6
नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/270 जबलपुर दिनांक 28.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती रजनी राजपूत, पति- श्री रणजीत राजपूत** ने मकान नं. 3434/पी-920 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000353659, क्षेत्रफल 1300 व.फु., भूतल 500 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-6
नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/269 जबलपुर दिनांक 28.01.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती मृदुला ठगेले, पति- श्री कैलाश कुमार पीपरा** ने खसरा नं. 193/8/1/के/15 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 2000153052, क्षेत्रफल 830 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-6
नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 360 दिनांक 30.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री शरद कुमार जैन उर्फ शरद सिंघई, पिता- सिंघई चन्द्रभान जैन** ने मकान नं. 264/ए , सम्पत्ति पिन नं. 1000617170 **वार्ड कमला नेहरू वार्ड ,** क्षेत्रफल 1000 व.फु., भूतल 597 व.फु., प्रथमतल 680 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर**

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 359 दिनांक 30.01.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्रीमती रीना शर्मा, पति- श्री शिव कुमार शर्मा** ने मकान नं. रामल हास्पिटल के सामने , सम्पत्ति पिन नं. 1000616976 **वार्ड 19 कमला नेहरू वार्ड ,** भूतल 200 व.फु., **शपथपत्र, चुकतानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक - 2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी
संभाग-2 कछपुरा
नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999